

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 30 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 19 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## न्यूज़ इनबॉक्स

### ममता बनर्जी के बिगड़े बोल, महाकुंभ को बताया मृत्यु कुंभ

एजेंसी

कोलकाता(एजेसीं)।। पश्चिम बंगाल की विधानसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को विवादित बयान दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते



हुए महाकुंभ 2025 को 'मृत्यु कुंभ' बता दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह महाकुंभ सम्मान करती हैं। बनर्जी ने कहा कि यह मृत्यु कुंभ है..मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं। लेकिन इसके लिए कोई योजना नहीं है, कितने शव बरामद हुए हैं? अमीरों, वीआईपी लोगों के लिए एक लाख रुपये तक के शिविर पाने की व्यवस्था है। गरीबों के लिए कुंभ में कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, व्यवस्था करना जरूरी है। आपने क्या योजना बनाई है?

**राष्ट्रपति ने दी ईडी को मंजूरी**

### आप को एक और झटका, सत्येंद्र जैन पर चलेगा मनी लॉड्रिंग केस

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेसीं)।। दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद मंगलवार को आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दे दी है। ईडी अब राष्ट्रपति की मंजूरी की जानकारी देते हुए एक नया पूरक आरोपपत्र अदालत में दाखिल करेगा। बता दें कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय



नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी थी। गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पर्याप्त सबूतों के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बता दें कि जांच एजेंसी ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जैन पर मामला दर्ज किया था और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि जैन ने 2015 से 2017 के बीच विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर चल संपत्ति अर्जित की थी, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। बाद में ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भी मामला दर्ज किया और आरोप लगाया कि उनके स्वामित्व वाली और नियंत्रित कई कंपनियों ने हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को हस्तांतरित नकदी के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपये की आवास प्रविष्टियां प्राप्त कीं।

**सुरक्षित भविष्य के लिए जल आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण**

# देश में जल संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री ने किए भागीरथी प्रयासः भजनलाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमें जल संरक्षण के उपायों को अपनाकर जल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें एक सुव्यवस्थित रोडमैप की आवश्यकता है, जिसमें कृषि और शहरी जल प्रबंधन और तकनीकी नवाचार जैसे प्रमुख पहलुओं का समावेश हो। शर्मा ने मंगलवार को उदयपुर में राज्य जल मंत्रियों के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन सहयोगात्मक संघवाद की परिकल्पना की जीती-जागती मिसाल है। उन्होंने कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में जल राज्यों का एक विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से जल राज्यों के बीच समन्वय व सहयोग का विषय बन गया है।







### राम जल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जीवन रेखाः

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जीवन रेखा है और इसके माध्यम से प्रदेश के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और 3 करोड़ से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम के माध्यम से प्रवासी राजस्थानी प्रदेश के 60 हजार गांवों में भूजल पुनर्भरण के लिए रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए कम पानी में उगने वाली फसलों, शहरी जल प्रबंधन, सीवरेज के पानी के शुद्धिकरण एवं पुनः उपयोग के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, जल गुणवत्ता और स्त्रोतों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग सहित विभिन्न कदम उठा रही है।

### केन्द्र सरकार जल प्रबंधन के लिए बना रही प्रभावी कार्ययोजना :

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक देश को जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने के विजन पर हम काम कर रहे हैं। मोदी जी ने स्वच्छता पर जोर दिया और 12 करोड़ शौचालय बनाए जिससे 60 करोड़ लोग लाभान्वित हुए तथा डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अब देश के 15 करोड़ घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पानी की शुद्धता को जांचने के लिए 25 लाख महिलाओं को किट एवं प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह, वर्षा जल संग्रहण के लिए कैच द रैन का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के माध्यम से प्रवासी गांवों में भू जल पुर्नभरण के लिए रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में जल आत्मनिर्भरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के रूप में एक भागीरथी प्रयास किया है। इसका लाभ आज राजस्थान के भी करोड़ों लोगों को मिल रहा है। राज्य सरकार शेष परिवारों को नल कनेक्शन देने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को देश के विकास एजेंडे में सर्वाच्च प्राथमिकता दी है और इस सबंध में एक अलग से जलशक्ति मंत्रालय भी बनाया, जिससे जल से संबंधित परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

### संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना के तहत राजस्थान को मिलेगा ज्यादा पानी

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि रामजल सेतु परियोजना (संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना) के तहत राजस्थान को ज्यादा पानी मिलेगा। परियोजना के तहत आने वाले समय में राजस्थान को बड़ी मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के तहत भी राजस्थान और हरियाणा राज्यों के त्वरित निर्णय से यमुना का सरप्लस वॉटर राजस्थान में आना संभव हो पाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को 2047 तक देश को जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने, हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाने, किसानों को जल संकट से मुक्ति, नदी-जलाशयों को पुनर्जीवित करने का संकल्प लेना चाहिए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि ओडिशा में से महानदी, गोदावरी, नर्मदा और ब्रह्मपुत्र जैसी बड़ी नदिया बहती हैं, जो जल संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में वर्षा पर्याप्त है, लेकिन वर्षा वितरण में असमानता है। इसलिए जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने बाढ़ नियत्रंण और जल संरक्षण को विभिन्न परियोजनाओं में प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हमारी महिला स्वयं सहायता समूह भी भू जल रिचार्ज करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि त्रिपुरा का 70 प्रतिशत क्षेत्र वन क्षेत्र है और अधिकतर जनसंख्या आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। हमारी सरकार सिंचाई के प्रोजेक्ट्स को बढ़ाने पर जोर दे रही है, जिससे कृषि की उत्पादकता बढ़े तथा किसानों की आय में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सीमित जल संग्रहण क्षमता के कारण सतही जल आधारित सिंचाई परियोजनाओं की संभावना कम है। ऐसे में वर्षा जल संरक्षण स्ट्रक्चर और छोटे सिंचाई के बांधों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय सचिव, जल संसाधन देबाश्री मुखर्जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल कलश सेरेमनी में सहभागिता की। उन्होंने नारी शक्ति से जल शक्ति, मोनोग्राफ वाटर हैरिटैज साइट ऑफ इंडिया, जल जीवन मिशन-ब्रेकिंग द सोशल बेरियर का ई-लॉन्च तथा जल संचय-जन भागीदारी फिल्म और गीत का ई-लॉन्च किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री श्री राजभूषण चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### बजट तैयार, दिया कुमारी आज करेगी पेश

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को राज्य के वर्ष 2025-26 के बजट को अंतिम रूप दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव (बजट) देबाशीष पृष्टी, शासन सचिव (व्यय) नवीन जैन, शासन सचिव (राजस्व) कुमारपाल गौतम, निदेशक (बजट) बृजेश किशोर शर्मा उपस्थित रहे।

### चर्चित आईपीएस पंकज चौधरी का डिमोशन



जयपुर टाइम्स

जयपुर (कास)। राजस्थान में पहली बार किसी आईपीएस अधिकारी का डिमोशन किया गय है। सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस पंकज कुमार चौधरी के खिलाफ डिमोशन की कार्रवाई की गई है। पंकज कुमार के खिलाफ एक पारिवारिक मामला चल रहा है, जिसकी जांच के बाद ये कार्रवाई की गई है। अभी तक किसी भी अधिकारी के साथ पहले कभी इस तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक तीन साल के लिए पंकज कुमार का डिमोशन हुआ है। पंकज कुमार 2009 बैच के आईपीएस हैं। पंकज कुमार का अब लेवल 10 होगा। वे अभी पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पॉलिसिंग जयपुर में पदस्थ हैं। पुलिस मुख्यालय जयपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पंकज कुमार की छवि दबंग पुलिस अधिकारियों में की जाती है। जब वे जैसलमेर में एसपी थे, तब उन्होंने गाजी फकीर के खिलाफ कार्रवाई की थी। जैसलमेर में फकीर परिवार का काफी रूतबा था। ऐसा माना जाता है कि इस घटना की वजह से उनको जैसलमेर एसपी के पद से हटाया गया था। पंकज कुमार इस तरह से कांग्रेस की नजरों में चढ़ गए, क्योंकि उस समय राज्य में गहलोत सरकार थी। वहीं बूंदी के दंगों में बीजेपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ उन्होंने कार्रवाई की थी।



### उदयपुर में वाटर विजन सम्मेलन, सीएम ने दिया रात्रि भोज

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर में दो दिवसीय द्वितीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन से पूर्व सोमवार रात्रि को सम्मेलन के प्रतिभागियों के सम्मान में जग मंदिर परिसर में रात्रि भोज दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील के साथ बोट में सवार होकर जग मंदिर पहुंचे।

इस अवसर पर लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त), त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, विधायक और अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि झीलों की नगरी उदयपुर में मंगलवार से राष्ट्रीय जल मिशन, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन-2047' आयोजित किया जा रहा है। देश में जल प्रबंधन व संरक्षण के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, जल संसाधन, जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, वन व पर्यावरण मंत्री और अधिकारी हिस्सा ले रहे है।

# मोदी ने किया कतर के अमीर थानी का स्वागत, कई मुद्दों पर सहमति

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेसीं)।। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी के बीच बैठक हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। इससे पहले कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान कतर के अमीर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अमीर अल थानी का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक करेंगे।

राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया जाएगा। अमीर अल-थानी 17 फरवरी की रात को भारत पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



प्रोटोकॉल तोड़कर खुद कतर के अमीर का स्वागत करने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। कतर के अमीर 17 फरवरी को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। साल 2024 के अंत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कतर का दौरा किया था। यहां उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की थी। यह एक साल में उनकी चौथी कतर यात्रा थी।

सोमवार को दोनों देशों के बीच दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए। इस दौरान भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी भी मौजूद रहे। ये समझौता ज्ञापन दोनों देशों के बीच साझा व्यापार से जुड़े हैं।

पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। कतर के अमीर के साथ प्रतिनिधिमंडल में कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी भारत दौरे पर आए हैं। इससे पहले मार्च 2015 में कतर के अमीर ने भारत का दौरा किया था। कतर में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और कतर के विकास में भारतवंशी समुदाय की अहम भूमिका है।



## सहायक आयुक्त ने किया स्वच्छता संबंधी कार्यों का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)।। पंचायती राज विभाग के सहायक आयुक्त रामचन्द्र सैनी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु पंचायत समिति उमरैण के गांव कस्बा डेहरा, रामगढ के ग्राम बहाला, मूनपुर तथा पंचायत समिति किशनगढबास के ग्राम किथुर, वल्लभग्राम, मुण्डावर के पेहल, ततारपुर, के मॉडल ग्रामों में संवेदक के माध्यम से सफाई टेण्डर के कार्य फार्मर रजिस्ट्री शिविर के दौरान हटाये जा रहे लीगेसी वेस्ट कार्यों तथा ग्राम पेहल में इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं मिली तथा उक्त ग्राम पंचायतों के किसी भी ग्राम में घर-घर कचरा संग्रहण नहीं मिला व नाली सफाई, सडक सफाई, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की समुचित साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर उन्होंने विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाह कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लक्ष्यों को अर्जित किये जाने के लिए जिला स्तरीय टीम एवं पंचायत समिति टीम को त्वरित गति से कार्य करें इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक अशोक कुमार सैनी, एसएलडब्लूएम खुशीराम सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## लैब टेक्नीशियन की बजट से विभिन्न मांग

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम मीणा ने बजट से विभिन्न मांग की है लैब टेक्नीशियन संवर्ग के वेतनमान केंद्र के समान लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन, टेक्निकल सहायक व वरिष्ठ टेक्निकल सहायक के क्रमशः रु 4200, रु 4800, रु 5400 और रु 6000 करने, विशेष वेतन अन्य समक्ष संवर्ग के समान 1000रु प्रतिमाह, मेस अलॉउंस 1200रु, हार्ड ड्यूटी अलॉउंस 200रु प्रतिमाह, धुलाई भत्ता रू1000 प्रतिमाह सहित केंद्र के समान हॉस्पिटल केयर अलाउंस 4100रु प्रतिमाह स्वीकृत किया जावे पदनाम संशोधन केंद्र के समान लैब टेक्नीशियन से क्रमशः मेडिकल लैब टेक्नोलॉजीस्ट, टेक्निकल ऑफिसर, वरिष्ठ टेक्निकल ऑफिसर तथा मुख्य टेक्निकल अधिकारी परिवर्तित कर केंद्र के अनुरूप ही राज्य में समानता से किये जाए सेवा नियमों में 5 वर्ष के अनुभव के आधार पर पदोन्नति में पुराने नियमों में संशोधन करते हुए 2-3 वर्ष के अनुभव के आधार पर पदोन्नति करने के आदेश जारी करें ताकि रिक्त उच्च पदों को भरा जा सके 5- 2-2 के अनुभव के आधार पर सेवा नियमों में संशोधन किया जाए। स्टाफिंग पैटर्न 2013 के अनुसार संस्थावर पदों का सृजन किया जावे जबकि नए सेवा संस्थाओं व नए विभागों में संवर्ग के पदों का सृजन नहीं होने से जहां पूर्व में स्वीकृत पदों को समाप्त किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कार्य प्रभावित हो रहा है, चिकित्सा संस्थानों में संवर्ग के पदस्थापन नहीं हो रहे हैं वहीं अधिक निजीकरण किया जा रहा है जिससे संस्थाओं की रिपोर्ट की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है साथ ही राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया प्रश्न उठायें जा रहे हैं तथा आम जन भी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हो रहा हैं संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम मीणा ने बताया कि संवर्ग के वित्तीय समस्याओं का बजट में समावेश करते हुए प्रशासनिक मांगों के आदेश जारी कर संवर्ग की समस्याओं का निराकरण करते हुए मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री से अनुरोध किया है कि संगठन की मांगों का निराकरण कर संगठन को राहत प्रदान करें।

## अवैध खनन पर पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त छापेमारी

जयपुर टाइम्स



खैरथल-तिजारा(निस)। जिले में अवैध खनन एंव परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। हसनपुरमाफी और मुण्डावर क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने 1 जेसीबी, 1 डम्पर और 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। खनिज अभियंता ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों में खनिज साधारण मिट्टी का अवैध रूप से खनन और परिवहन किया जा रहा था। सभी जब्त वाहनों को संबंधित पुलिस थाने में सुपुर्द कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।खनिज अभियंता ने बताया कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा तथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वीसी के माध्यम से ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल प्रबंधन पर दिया जोर, उपखण्ड अधिकारी करेंगे पेयजल व्यवस्था मॉनिटरिंग

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)।। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त ब्लॉक अधिकारियों को समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, गिरदावरी कार्य, जनसुनवाई प्रकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम आदि विषयों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिला कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु पेयजल प्रबंधन पर जोर देते हुए सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में अपने क्षेत्र में सुचारू पेयजल व्यवस्था कराने हेतु स्वीकृत बोरवेल को समयबद्ध रूप से करावें।



पेयजल योजनाओं को प्रारम्भ कराने के साथ-साथ वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पेयजल टैंकर से आपूर्ति की निविदा प्रक्रिया की भी पेयजल व्यवस्था की नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही 1 मार्च से फील्ड विजिट कर पेयजल सप्लाई की जांच कर आमजन से पेयजल सप्लाई का फीडबैक लेवे। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के हर ब्लॉक की 3-3 ग्राम पंचायतो में मिनी खेल स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में जलदाय विभाग से समन्वय कर सूख चुके बोरवेल में वाटर रिचार्ज स्ट्रेक्चर बनाने के प्रस्ताव तैयार कर तीन दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर अभी से पूरा विभाग अलर्ट मोड पर कार्य करें उन्होंने जिले में लगाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कैम्प व गिरदावरी कार्य में एक सप्ताह के दौरान अच्छी प्रगति पर की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि 5 मार्च तक गिरदावरी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी उपखण्ड अधिकारी ऑनलाइन सीमाज्ञान पोर्टल का स्वयं अवलोकन कर पटवार हल्केवार पेंडेंसी को दूर करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित व गुणवत्ता के साथ निस्तारण कर फरियादी को निस्तारण के संबंध में सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी पंचायत समितियों के वीसी कक्ष में पावर बेकअप की व्यवस्था एक माह में सुनिश्चित करावे बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, सहायक कलक्टर अलवर सुनीता यादव, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी व अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर दिनेश वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीसी से समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

# साइबर अपराध व् अपराधियों से बचने के लिए दी विधिक जानकारी



जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं प्रेषित एक्शन प्लान 2024-25 की पालना में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) मोहन लाल सोनी की अध्यक्षता में पंजाबी खत्री सभा के समन्वय एवं सहयोग से पुरुषार्थी धर्मशाला समिति में साइबर कानून एवं अपराधों एवं उनसे बचाव हेतु विधिक जागरुकता के संबंध में तथा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्ज्वल एवं नालसा थीम सोग की प्रोजेक्टर पर प्रस्तुति के साथ की गई। सचिव मोहन लाल सोनी ने बताया कि जिस तरीके से तकनीकी की प्रगति हो रही है, उसी गति से जागरुकता नहीं होने के कारण वर्तमान में समाज का बड़ा तबका साइबर अपराधों की चपेट में है। इसी को मद्देनजर रखते हुए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं प्रेषित एक्शन प्लान 2024-25 की पालना में पुरुषार्थी धर्मशाला समिति में साइबर कानून एवं अपराधों एवं उनसे बचाव हेतु विधिक जागरुकता के संबंध में तथा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा साइबर से संबंधित अपनी समस्याएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्मुख प्रस्तुत करने एवं उनमें त्वरित कार्यवाही के उपाय भी शिविर में रखे।

कार्यक्रम का मंच संचालन पीएलवी मुस्तफा खान ने किया जिन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत प्राधिकरण के गठन एवं कार्यप्रणाली, प्राधिकरण के तहत मुफ्त कानूनी सलाह एवं सहायता एवं पीड़ित प्रतिकर स्कीम व आमजन की सुविधा हेतु जारी किए गए टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर साइबर सेल से उमेश खत्री, मनीष गंगावत एवं साइबर थाना अलवर के एच एम अजय नरूका ने साइबर अपराध के तरीके और साइबर अपराध से बचने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर समस्त पंजाबी खत्री सभा एवं पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला व्यापार महासभा के रमेश जुनेजा, अन्य गणमान्य व्यक्ति, सीनियर एडवोकेट सुषमा गुप्ता, सीमा मुखीजा कानूनी सलाहकार समस्त पंजाबी खत्री सभा, स्नेह कलामंच के गोविंद सिंह, पी एल वी मुबीन खान एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय वाक्पीठ संगोष्ठी का हुआ समापन

## वाक्पीठ संगोष्ठी में विद्यालयों में आगामी सत्र में नामांकन वृद्धि करने व नवाचारों पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निस)। शिक्षा विभाग की ओर से खोह दरीबा स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में चल रही उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की दो दिवसीय संत्रात वाक्पीठ संगोष्ठी का समापन मंगलवार को खोह दरीबा सरपंच गीता कंवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि मंगलवार को दूसरे दिन ब्लॉक रैंकिंग, शाला दर्पण पोर्टल, दोहरा नामांकन, नवीन सत्र में नामांकन वृद्धि की कार्ययोजना, ईएलसी का गठन, विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विभागीय दिशा निर्देश, व्यवसायिक शिक्षा ई-विद्या प्रोजेक्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संगोष्ठी में प्रधानाचार्यो ने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में नव पदौन्नत प्रधानाचार्य का माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी प्रधानाचार्य को विद्यालय स्टाफ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, जगमोहन शर्मा, नंदकिशोर मीना, महेश चंद भारद्वाज, बच्चनलाल मीना, अंजना गुप्ता, कमलेश कुमार गुप्ता, मनोज शर्मा, सुशील नागर, मुकेश मीना सहित अनेक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



# 16 लाख से अधिक की राशि का फर्जी बिल बनाकर अनुदान प्राप्त करने वाला आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। थाना शिवाजी पार्क पुलिस ने 16 लाख 22 हजार 645 रूपये के अनुदान प्राप्त करने हेतु फर्जी बिल तैयार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी (आरती बालिका गृह अलवर के संचालक) है।

जिला पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव ने बताया कि अजय पाल लाम्बा आईपीएस महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर व संजीव नैन पुलिस अधीक्षक, जिला अलवर के द्वारा डॉ. तेजपाल सिंह आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अलवर के सुपरविजन व अंगद शर्मा आरपीएस, वृत्ताधिकारी, वृत्त उत्तर शहर अलवर के निकट मार्गदर्शन मे प्रकरण मे आरोपी चेतराम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि घटना का विवरण एक प्रकार है कि सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारीता विभाग अलवर द्वारा आरती बालिका गृह अलवर के संचालक चेतराम के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करवाया कि संचालक द्वारा 16 लाख 22 हजार 645 रूपये का अनुदान राज्य सरकार से प्राप्त करने हेतु फर्जी बिल तैयार कर बाल अधिकारीता विभाग को प्रेषित किये गये है आदि पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। घटना का खुलासा हेतु गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर आरोपी चेतराम सैनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी चेतराम सैनी निवासी निचला सोनावा स्कीम नं. 08 अलवर हाल संचालक आरती बालिका गृह अलवर है। पुलिस द्वारा अपराधी घटना का पता क्षेत्र करने व आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गठित की गई टीम में विनोद सामरिया पु.नि. थानाधिकारी, 2- सुन्दर सिंह हैड कानि.1991, 3- महेश चन्द कानि.1028, 4- टन्नू कुमार कानि. 537, 5- महेन्द्र कुमार कानि. 2038, 6- वीर सिंह चालक कानि. 1956 पुलिस थाना शिवाजी पार्क अलवर शामिल रहे।

# जिला कलक्टर ने ली महत्वपूर्ण बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय सभागार, खैरथल-तिजारा में राजस्व, पंचायती राज एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत पुनर्गठन कार्य तथा नगर निकाय पुनर्गठन कार्य के प्रस्तावों की समीक्षा की

जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत पुनर्गठन कार्य तथा नगर निकाय पुनर्गठन कार्य के प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी क्षेत्र एक साथ नगर निकाय और ग्राम पंचायत दोनों में सम्मिलित न हो। उन्होंने विभागीय समन्वय के तहत क्षेत्र विभाजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, नगर परिषद तिजारा के प्रस्ताव को शीघ्र भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।



जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की प्रगति को बढ़ाया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को इन शिविरों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं।

बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का निस्तारण जनसुनवाई के सात दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निस्तारण की गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने पटवारियों द्वारा की जा रही गिरदावरियों की प्रगति की समीक्षा की और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिन पटवारियों का कार्य संतोषजनक नहीं है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव कुमार, उपखंड अधिकारी मंडावर सुरेश कुमार बलाई, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव सहित जिले के सभी तहसीलदार, बीडीओ एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
19 फरवरी, 2025

## कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान संगठन पर्व-2024 के तहत नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भारतीय जनता पार्टी राजस्थान संगठन पर्व-2024 के तहत नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, आदरणीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी, आदरणीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री मदन राठौड़ जी एवं प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री राधा मोहन दास अग्रवाल जी के सशक्त नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा निरंतर जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। आप सभी के कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचेगी, यही कामना है।

## 20 फरवरी को आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 20 फरवरी, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

## उदयपुर जल मंत्रियों सम्मेलन में अतिथियों को राष्ट्रीय जल मिशन का शुभंकर 'पीकू' भेंट

जयपुर टाइम्स

उदयपुर(निस)। द्वितीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों को राष्ट्रीय जल मिशन (NWM) के शुभंकर पीकू की स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट दी गई। ÷पीकू÷ भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर का प्रतीक है, जो जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है। इस विशिष्ट स्मृति चिह्न को उदयपुर और आसपास के जनजातीय क्षेत्रों की महिला कलाकारों ने पारंपरिक शिल्पकला के जरिए तैयार किया। यह पहल स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने और जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, यह जल शक्ति अभियान~ नारी शक्ति से जल शक्ति की थीम के अनुरूप है, जो जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करता है। सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, तीन राज्यों के उपमुख्यमंत्री, 30 से अधिक राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान जल संरक्षण, सतत जल प्रबंधन और नीतिगत सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई। पीकू शुभंकर के माध्यम से पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व को रेखांकित किया गया। इस पहल को स्थानीय कारीगरों और नारी सशक्तिकरण के साथ जोड़ते हुए स्थायी विकास के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास माना जा रहा है।

## उदयपुर में द्वितीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन में जल सुरक्षा पर व्यापक चर्चा

जयपुर टाइम्स

उदयपुर(निस)। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों का सम्मेलन उदयपुर में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री, 34 मंत्री और 300 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह सम्मेलन वाटर विजन ञ्च 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### जल संसाधन प्रबंधन और जल संरक्षण पर प्रमुख चर्चा

सम्मेलन के पहले दिन जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन, जल भंडारण संरचनाओं के विकास और सिंचाई प्रणालियों को सुदृढ़ करने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (IWRM) को अपनाने, ग्राम स्तर पर जल शासन को मजबूत करने और जल बजटिंग के जरिए जल की मांग एवं आपूर्ति का संतुलन बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही, तकनीक और नवाचार के माध्यम से जल संसाधनों के कुशल उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

जल संचय जन भागीदारी अभियान को देशभर में गति देने पर बल दिया गया, जिससे जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। इसके अलावा, नदी जोड़ परियोजनाओं में तेजी लाने, छोटे जल भंडारण ढांचे विकसित करने और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई।

### जल जीवन मिशन और जल गुणवत्ता सुधार पर जोर

जल जीवन मिशन (JJM) की निरंतर सफलता के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (VWSCs) के माध्यम से संचालन एवं रखरखाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। जल गुणवत्ता परीक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की जरूरत जताई गई ताकि हर घर को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। AMRUT योजना के तहत शहरी जल सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत ग्रेवाटर प्रबंधन को अपनाने पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में जल आपूर्ति को प्राथमिकता देने की रणनीति पर विचार किया गया।

### आगे की रणनीति

सम्मेलन के दूसरे दिन जल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने और जल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्य योजनाएं तैयार की जाएंगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य विकसित भारत ञ्च 2047 के तहत जल संसाधनों के सतत और समग्र उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस रणनीति बनाना है।

# जिला कलक्टर ने किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवद एवं पंचायत पौधशाला मालियों की चौकी का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



सवाई माधोपुर(निस)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवद का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

जिला कलक्टर ने कहा कि अपने अध्यायों एवं पाठ्य सामग्री को समझ कर पढ़े ताकि वह लम्बे समय पर आपके दिमाग में रहे। अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करे और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। अगर कोई गलती होती है तो डरे नहीं उनसे सीख लेकर जीवन में आगे बढ़े। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि बड़े सपने देखे और उसके लिए जुड़ जाएं, आपके उज्ज्वल कल के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। इस दौरान उन्होंने कक्षा-6 के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए लाईब्रेरी से प्राप्त होने वाली पुस्तकों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके द्वारा पढ़ी गई कहानियां-कविताएं सुनी और कहानियों से प्राप्त सीख के बारे मे जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तको से प्राप्त होने वाली नैतिक शिक्षा को उनके जीवन में उतारने की बात कहीं। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने छात्राओं से साईबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की बात कहीं। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निडर होकर पुलिस सहायता ले सकते है। पौधशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण~ इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम पंचायत अमरगढ़ में मालियों की चौकी पंचायत पौधशाला का निरीक्षण कर मनरेगा के तहत मानसून के दौरान वितरण के लिए तैयार किए जाने वाले छायादार व फलदार पौधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पौधशाला में मनरेगा महिला श्रमिकों से संवाद कर छाया, पानी की व्यवस्था एवं मेडिकल सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने श्रमिकों को मनरेगा के तहत किए जाने वाले वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी ली। जिस पर श्रमिकों द्वारा संतुष्टि व्यक्त करते हुए छाया-पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं सहीं बताई।उन्होंने बामनवास की सीतौड़ भट्टा पंचायत में मनरेगा के तहत नवीन तलाई खुदाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को प्रत्येक पंचायत में फार्म नंबर 5 रखवाकर मनरेगा के तहत काम चाहने वालों को काम दिलवाने एवं श्रमिकों के कार्य आवंटन करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर गंगापुर सिटी रामकिशोर मीना, उपखण्ड अधिकारी बृजेन्द्र मीना सहित संबंधित अधिकारी किसान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## आयुक्त रूकमणी रियाड ने तैयारियों के संबंध में Ric में ली बैठक

**शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर फील्ड में रहकर मानिटरिंग के दिये निर्देश**

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणी रियाड़ ने मंगलवार को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के संबंध में किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, मुख्यालय स्तर के अधीक्षण अभियन्ता, उपायुक्त जगतपुरा, उपायुक्त मालवीय नगर, उपायुक्त सांगानेर, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त एनयूएलएम, उपायुक्त स्वास्थ, उपायुक्त उद्यान, उपायुक्त पशु प्रबंधन, उपायुक्त सतर्कता, उपायुक्त राजस्व प्रथम, अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय, राजस्व अधिकारी मुख्यालय, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं त्पब स्टाफ मौजूद रहे। आयुक्त रूकमणी रियाड़ ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के संबध में चर्चा करते हुए कहा कि से जुडे हर अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गयी। उपायुक्त उद्यान को निर्देश दिये की सड़क किनारे लगे पेड-पौधों की कटाई-छंटाई की जाये, हैंगिंग प्लांट लगाए जाए। उपायुक्त पशु प्रबंधन को निराश्रित, बेसहारा पशुओं को हटाने, उपायुक्त राजस्व (प्रथम) को शहर में लगे अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाने के निर्देश दिये हैं। उपायुक्त सतर्कता को अस्थाई अतिक्रमणो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उपायुक्त गैराज को मैकेनिकल स्वीपिंग एवं नाईट स्वीपिंग का एवं ओपन कचरा डिपो उठाने का काम होना चाहिए जिससे शहर स्वच्छ दिख सके। उपायुक्त एनयूएलएम को स्वंम सहायता समुह कि महिलाओ को सपअम लाख कि चुडिया एवं अन्य उपयोगी सामान बनाने वालो कि स्टॉल लगवाने के निर्देश दिये । आयुक्त नें तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर फील्ड में रहने तथा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के निर्देश दिये जिससे मेहमानों को जयपुर एक आदर्श, स्वच्छ व सुंदर शहर के रूप में नजर आए।

# जयपुर में ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई, 30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। जयपुर जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग का सख्त रुख जारी है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर (द्वितीय) कार्यालय ने 26 घंटे के विशेष जांच अभियान के तहत 70 से अधिक ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की और 30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला।

### 26 घंटे में 71 वाहनों पर कार्रवाई

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि 16 फरवरी सुबह 6 बजे से 17 फरवरी सुबह 8 बजे तक यह अभियान चलाया गया। इसमें रेनवाल, कालवाड़, जोबनेर, चौमूं, कालाडेरा, जाटावाली सहित अन्य क्षेत्रों में सघन जांच की गई। इस दौरान 71 ओवरलोड वाहनों को नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया।

### सघन जांच टीम में कई अधिकारी शामिल

इस अभियान में जिला परिवहन अधिकारी जयपुर द्वितीय संजय शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी चौमूं अनूप सहरिया के अलावा प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय के परिवहन निरीक्षक और उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौधरी, बिजेन्द्र कुमार, बलवीर सिंह, अनिल बसवाल, श्री अविनाश चौहान आदि शामिल थे। साथ ही, जिला परिवहन कार्यालय शाहपुरा और चौमूं से भी कई अधिकारियों ने इस कार्रवाई में भाग लिया।

### ओवरलोड वाहनों पर लगातार जारी रहेगा शिकंजा

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इनसे न केवल सड़क सुरक्षा को खतरा रहता है, बल्कि सड़कों को भी नुकसान पहुंचता है। विभाग ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी है और कहा है कि भविष्य में इस तरह की कार्रवाई और तेज होगी।



### सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम

परिवहन विभाग की इस मुहिम को लेकर आम जनता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और प्रशासन की यह पहल सड़क सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में और भी सख्ती बरती जाएगी ताकि सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके और नियमों का सख्ती से पालन हो।



# प्रयागराज मे विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार अखिल भारतीय बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

लखनऊ(निस)। विश्व हिंदू परिषद महाकुंभ शिविर प्रयागराज मे चार दिवसीय अखिल भारतीय धर्मप्रसार बैठक एवं संत सम्मेलन का आयोजित हुआ जिसमें जयपुर प्रांत के विहिप धर्मप्रसार प्रमुख सीएम भार्गव के नेतृत्व मे 3 संतो सहित 9 पदाधिकारियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के उद्घाटन केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य दिनेशकुमार,केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा,विहिप केंद्रीय मंत्री एवं धर्मप्रसार अखिल भारतीय प्रमुख सुधांशु पटनायक ने भारत माता एवं राम दरबार के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया

बागड़ा ने अपने संबोधन मे बताया धर्मांतरण एवं परावर्तन विषय को रखते हुए बताया कि हमारे प्रयासों से देश के वनवासी क्षेत्रों में धर्मांतरण पर रोक लगी है लेकिन देश के विभिन्न हिस्सों में झुग्गी झोपड़ियों में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या व बंग्लादेशी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरा बने हुए है उन्हें चिन्हित कर देश से बाहर निकला जाना चाहिए। हिंदू रक्षा के लिए धर्मांतरण पर रोक लगनी चाहिए।

कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि पर चर्चा होनी चाहिए।सनातन संस्कृति के सुदृढ़ीकरण के लिए युवा पीढ़ि में गर्व की भावना जागृत करनी चाहिए।प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने जयपुर प्रांत मे धर्मप्रसार की गतिविधियों का वृत रखा। जयपुर प्रांत से स्वामी नंदेश्वर नाथ त्रिवेणी धाम,स्वामी रघुवरदास पीठाचार्य अखिल भारतीय राम जन मंडल,स्वामी सत्यदास राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय राम जन मंडल,प्रांत सह प्रमुख बहादुर सिंह,धर्मप्रसार जिला प्रमुख पुष्पेंद्र भारद्वाज,जयप्रकाश बूलचंदानी,गोविन्द,जगतसिंह से अपनी सहभागिता निभाई।

बैठक मे सम्पूर्ण देश के विभिन्न राज्यों से पधारे कार्यकर्ताओं की भिन्न भिन्न वेश भूषा एवं भाषा से संपूर्ण भारत की झलक मिल रही थी।

बैठक के दूसरे दिन प्रातः5 बजे ही सभी ने संगम में स्नान कर राष्ट्र रक्षा के लिए संकल्प लिया।

## मुख्य बस्सी रोड़ पर मड हट्स रिर्जोट के साथ खुलेगी परम्परागत सरस ढाणी

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। आगारा जयपुर रोड़ मुख्य बस्सी चक मोड़ पर मड हट्स के साथ सरस ढ़ाणी और जवाहर लाल नेहरु मार्ग की तर्ज पर अत्याधुनिक सरस कैफे बनाया जायेगा जो परम्परागत ग्रामीण परिवेश और आधुनिक सुविधाओं का अनूठा संगम होगा। यहा आने वाले लोगों को न केवल परम्परागत ग्रामीण राजस्थानी वातावरण और लोक संस्कृति का अनुभव मिलेगा बल्कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सरस कैफे में खाने-पीने के लिये दूध और दूध से बने स्वच्छ, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध होंगे। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ और जयपुर डेयरी की इस संयुक्त परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खान-पान, परम्परागत वास्तुकला और ग्रामीण जीवन शैली को बढ़ावा देने है। सरस कैफे में जहां आर्गनिक फूड सहित शुद्व और देसी व्यंजन मिलेंगे, वहीं रिर्जोटनुमा सरस ढ़ाणी में परम्परागत और अत्याधुनिक सुविधाओंयुक्त मड हट्स तैयार की जायेंगी जिनमें आगन्तुक ठहर कर शुद्व हवा, स्वच्छ वातावरण और ग्रामीण खान-पान का आनन्द उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह नया आर्कषण न केवल पर्यटकों और शहरवासियों के लिये एक शानदार अनुभव होगा बल्कि इसमें स्थानीय कारीगरों, किसानों और स्वंय सहायता समूहों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। मड हट्स में ठहरने वाले पर्यटकों को न केवल परम्परागत राजस्थानी व्यंजन जैसे खींचड़ा, बाजरे की रोटी, देसी छाछ-राबड़ी आदि उपलब्ध होंगे बल्कि उन्हें परम्परागत ग्रामीण परिवेश में दुग्ध उत्पादन, पशुपालन और गाय-भैंसों की देखभाल जैसी जीवन शैली से भी रुबरु कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि बस्सी रोड़ पर पंचायत समिति एसडीएम ऑफिस के सामने आरसीडीएफ की इकाई फोजन सीमन बैंक की जमीन पर सरस कैफे बनाया जायेगा। इसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है और उद्घाटन की घोषणा जल्दी ही की जावेगी।



## संपादकीय .....

# महाकुंभ की अद्भुत, अविस्मरणीय, अतुलनीय प्रशासनिक तैयारियां अब शोध-अनुसंधान का विषय

**प्रथमं तीर्थराजं तू प्रयागाख्यं सुविश्रुतिम।**

**कामिकं सर्वतीर्थानां धर्म कामार्थ मोक्षदम।।**

अर्थात तीर्थराज प्रयाग का नाम सर्वश्रेष्ठ तीर्थ के रूप में लोक विख्यात है। यह सभी तीर्थों के फलों को देने वाला अकेला तीर्थ है, जो व्यक्तिविशेष के जीवन में- धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष- नामक चारों पुरुषार्थों का प्रदाता है। यूँ तो हर 12 वें वर्ष में यहां कुंभ का आयोजन अनंत काल से हो रहा है, लेकिन महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज हर बार 144वें वर्ष में ही होता है। इसलिए पतित पावनी गंगा, कलंक प्रक्षालिनी यमुना और अंतर्धारा पुण्य सलिला सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम तट पर अवस्थित प्रयागराज, उत्तरप्रदेश, भारत गणराज्य का अलग ही महात्म्य है।सनातन मनीषियों के मुताबिक, हर 144 वर्ष के अंतराल पर और इस बार वर्ष 2025 में पुनः ग्रहों का ऐसा शुभ संयोग बना है जिसके कारण यहाँ आना और संगम तट पर स्नान-ध्यान करना पुण्यबर्धक समझा जाता है। 2025 का दिव्य महाकुंभ 144 वर्षों की सुदीर्घ प्रतीक्षा के बाद खगोलीय गणित एवं धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक दृष्टि से ग्रह-नक्षत्रों के अभूतपूर्व मिलन के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण और मनोकामना पूर्ति की मोक्ष की पूर्ति के लिए फलदायक है। बहरहाल यह पावन स्थल सनातन धर्मियों के साथ ही अध्यात्म एवं धार्मिक आस्था में विश्वास रखने वाले प्रत्येक मानव के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। साथ ही, धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को समझने एवं अध्ययन, चिंतन-मनन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन चुका है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ राम चरित मानस में तीर्थराज प्रयाग का वर्णन बड़े ही श्रेष्ठ भाव से किया गया है-

माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथ पतिहिं आव सब कोई।।
देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।
पूजहिं माधव पद जलजाता। परसि अछयबट हरषहिं गाता।।
तहां होइ मुनि रिषय समाजा। जाहिं जे मज्जन तीरथराजा।।
मज्जन फल पेखिय ततकाला। काक होहिं पिक बकहु मराला।।
सुनि आचरज करइ जनि कोई। सतसंगति महिमा नहिं गोई।।
अकथ अलौकिक तीरथ राऊ। देइ सद्य फल प्रगट प्रभाऊ।।

वहीं, गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि जब श्रीराम लंका पर विजय प्राप्त करके पुष्पक विमान से लौट रहे थे तो वह विमान से ही सीताजी को तीर्थों के दर्शन कराते और उनका वर्णन करते हुए प्रयाग पहुंचने पर कहते हैं-

**बहुरि राम जानकिहिं देखाई। जमुना कलिमल हरनि सुहाई।।**
**तीरथपति पुनि देखु प्रयागा। निरखत कोटि जन्म अघ भागा।**
**देखु परम पावन पुनि बेनी। हरनि शोक परलोक निसेनी।।**

यानी तीर्थराज के प्रयाग के दर्शन मात्र से किसी भी मनुष्य का करोड़ों जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है। इसलिए यहां पर मैं प्रयागराज महाकुंभ की आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मान्यताओं से इतर इसके सकारात्मक और व्यवहारिक पक्ष पर अपना विचार रख रहा हूँ।

# मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो

मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है।

महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया का करण बनता है? योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए भले ही वीआईपी सिस्टम पर रोक लगायी हो, लेकिन इस रोक के बावजूद महाकुंभ में वीआईवी संस्कृति बाद में भी पूरी तरह हावी रही है। महाकुंभ हो या प्रसिद्ध मन्दिर



वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 7 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्हें ऐसे हासदे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है। यह एक अतिक्रमण है। यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों में तो बिल्कुल भी नहीं। देश की कानून व्यवस्था एवं न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है।

तीर्थस्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थस्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिये जाते हैं। जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरातफरी तक मच जाती है। सवाल ये हैं कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के बेहूदे एवं शर्मनाक प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा।

मोदी के शासन-काल में हिन्दू मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों के लिये जनता का आकर्षण बढ़ा है, बात चाहे श्रीराम मन्दिर अयोध्या की हो या महाकुंभ की या ऐसे ही अन्य धर्मस्थलों की, करोड़ों की संख्या में आम लोग इन स्थानों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन ईश्वर के दर्शन भी उनके लिये दोयम दर्जा एवं असमानता लिये हुए है। देश की आजादी के बाद सरकार ने कुछ मंदिरों में ट्रस्ट के माध्यम से व्यवस्था अपने हाथों में ली। शुरुआत में तो सभी मंदिर आम आदमी के लिये सुगम थे लेकिन धीरे धीरे अब इसमें प्रशासन के लोग अपनी घुसपैठ जमाने लगे। भीड़ भाड़ की स्थिति में अपने लोगों, अधिकारियों एवं नेताओं के लिए अलग से व्यवस्था का इंतजाम करने लगे। धीरे-धीरे ये राजनेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों के वीआईपी दर्शन का आधार बनने लगे। इसका स्वरूप फिर से एक बार और बदला और एक नई संस्कृति का उदय हुआ और वह था वीआईपी दर्शन जो उनलोगों के लिए था जो एक विशेष शुल्क देकर उसका लाभ उठा सकते हैं, यानि भगवान के दरबार में भी दो तरह की व्यवस्था हो गई। एक आम जनता के लिए और एक उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से सक्षम हों। एक आम आदमी जो घंटों लाइन में लगने के बाद मंदिर के अंदर प्रवेश करता है तो उसे बाहर से ही दर्शन करने के लिए बाध्य किया जाता है जैसे वह कोई अछूत हो और वहीं दूसरी ओर आपके सामने ही कुछ वीआईपी लोग बड़े आराम से मंदिर के गर्भगृह में दर्शन लाभ करते हुए नजर आते हैं।

लगता है मन्दिरों में दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता को लेकर आम आदमी गुलामी की मानसिकता को ही जी रहा है। इन स्थानों पर उसके स्वाभिमान, सम्मान एवं समानता को बेरहमी से कुचला जा रहा है। ये कैसा मंदिर और ये कैसा दर्शन जहाँ सरेआम आम दर्शनार्थी का अपमान हो रहा है। भगवान के मंदिर में वीआईपी व्यवस्था का क्या औचित्य है? इसलिए जिस भी मंदिर में वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है उसके खिलाफ जनक्रांति हो। आज हिन्दू मन्दिरों की भेदभाव पूर्ण दर्शन-व्यवस्था को समाप्त करके ही आम आदमी को उसका उचित सम्मान किया जा सकता है, उसकी निराशा एवं पीड़ा को समझा जा सकता है। उन्नत राष्ट्र-चरित्र निर्मित को निर्मित करते हुए सबसे बड़ी जरूरत है कि पास, धन के बल अथवा राजनीतिक वर्चस्व के लिए हकदार का, गुणवंत का, आम आदमी का हक नहीं छीना जाए।

**- ललित गर्ग**

**-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं**

## समसामयिक

# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी ज़रूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ''जिम्मेदार'' समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सर्वेषां अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक



छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं 'विविधता में एकता', लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम 'हिंदुत्व' है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया- यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है। हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगदुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संघ की ऐसी आलोचना करने वाले समय, शक्ति और अर्थ का अपव्यय करते हैं तथा अपनी बुद्धि के दिवालियापन को उजागर करते हैं। संघ न केवल देश बल्कि दुनिया का बहुचर्चित एवं सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। जो बहुचर्चित होता है उसका विरोध भी होता है। निरूद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी विचारधाराओं एवं संगठनों की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का स्वयंभू प्रमाण बन जाता है। संघ एवं मोहन भागवत की आलोचना करने वाले तथा उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने वाले लोग एवं संगठन स्वयं को कमजोर अनुभव करते हुए भी समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित होना चाहते हैं, वे ही ऐसी आलोचना करते हैं।

**-ललित गर्ग**

**-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं**

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी ज़रूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ''जिम्मेदार'' समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत।

## शख्सियत

# ईमानदारी और सादगी के मिशाल थे कर्पूरी ठाकुर, दो बार बने थे बिहार के CM



बिहार के पूर्व सीएम और दिवंगत नेता कर्पूरी ठाकुर का आज ही के दिन यानी की 17 फरवरी को निधन हो गया था। कर्पूरी ठाकुर के ईमानदारी और सादगी के किस्से भी सुनाए जाते हैं। वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका बचपन कष्ट और गरीबी में बीता। लेकिन सीएम बनने के बाद भी न तो उनका मन बदला और न जीवन बदला। वह फटा धोती-कुर्ता पहनकर रिक्शे से सीएम कार्यालय से अपने घर आते-जाते दिख जाते थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर कर्पूरी ठाकुर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

आज से 100 साल पहले भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में 24 जनवरी 1924 को जन्म हुआ था। इनका जन्म नाई परिवार में हुआ था। उनकी शुरूआती शिक्षा गांव से ही पूरी हुई और साल 1942 में पटना यूनिवर्सिटी में आने के बाद वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की हिस्सा बन गए।

### राजनीतिक सफर

भारतीय गणतंत्र के प्रथम आम चुनाव में कर्पूरी ठाकुर समस्तीपुर की ताजपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीते। फिर वह बिहार विधानसभा चुनाव कभी नहीं हारे और दशकों तक कर्पूरी ठाकुर विधायक और विरोधी दल के नेता रहे।

### दो बार रहे बिहार के सीएम

अपने राजनीतिक जीवन में कर्पूरी ठाकुर एक बार बिहार के डिप्टी सीएम और दो बार सीएम रहे। लेकिन दोनों ही बार कर्पूरी ठाकुर सीएम के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। साल 1970 में पहली बार बिहार के सीएम के रूप में कर्पूरी ठाकुर ने शपथ ली, लेकिन इस दौरान उनका कार्यकाल सिर्फ 163 दिन का रहा था। वहीं दूसरी बार वह साल 1977 को सीएम बनें। लेकिन इस दौरान भी उनका कार्यकाल अधूरा रहा। लेकिन ईमानदार छवि और गरीबों की आवाज बनने वाले कर्पूरी ठाकुर ने बिहार के समाज पर अपनी जो छाप छोड़ी, वह आज भी बिहार की राजनीति में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है।

### अंग्रेजी की अनिवार्यता को किया खत्म

साल 1967 में जब वह बिहार के डिप्टी सीएम थे, तो उस दौरान केंद्र सरकार का राज्य सरकारों से पत्राचार अंग्रेजी भाषा में हुआ करता था। लेकिन इसका कर्पूरी ठाकुर ने विरोध किया। कर्पूरी ने इस दौरान अंग्रेजी पत्राचार की अनिवार्यता को खत्म कर दिया। इसके बाद राज्य के सभी विभागों हिंदी पत्राचारों का दौर शुरू हुआ। इसके साथ ही उन्होंने उर्दू को बिहार की दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा देने का कार्य किया था।

इसके अलावा कर्पूरी ठाकुर देश के पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अपने राज्य में मैट्रिक तक फ्री पढ़ाई की घोषणा की थी। इसके साथ ही कर्पूरी ठाकुर के अथक प्रयासों के कारण मिशनरी स्कूलों में हिंदी पढ़ाना शुरू हुआ था।

### निधन

कई दशकों तक कर्पूरी ठाकुर बिहार की राजनीति का अहम हिस्सा रहे। वह गरीब-गुरबों की आवाज बने और उनको अपनी जीवन काल में जननायक की उपाधि से सुशोभित किया गया। वहीं 17 फरवरी 1988 को 66 साल की उम्र में कर्पूरी ठाकुर का निधन हो गया था।



## रणवीर इलाहाबादिया मामले पर विद्युत ने दी प्रतिक्रिया

समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया का विवादित टिप्पणी का मामला अभी सुर्खियों में है। इस मामले पर कई बॉलीवुड सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब इस मामले पर एक्शन हीरो विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है और इसमें उन्होंने कहा है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने आगे कहा है कि ये पैगाम मेरे फैंस के लिए है। मैं कुंभ से वापस आ चुका हूं। मैं इसकी सभी फोटो और वीडियो कल अपलोड करूंगा। ये बहुत अच्छी हैं।

### जब विनाश का समय आता है तो बुद्धि पलट जाती है

विद्युत जामवाल ने विवादित टिप्पणी मामले के बारे में कहा मैंने रणवीर इलाहाबादिया के विवाद के बारे में सुना और इस पर मेरी पहली प्रतिक्रिया है विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये मुर्खता थी। लेकिन दोपहर से मैं सोच रहा हूं कि उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। लोग उनके करियर को खत्म करना चाहते हैं और हंस रहे हैं।

### माफ करने से दिमाग साफ होता है

विद्युत ने वीडियो में कहा है कि लोग कह रहे हैं कि एक गलती की वजह से किसी व्यक्ति को जिंदगीभर पछताना पड़ सकता है। मैं कहता हूं ठीक है, लेकिन ये बताइए कि रणवीर के पोडकास्ट में कौन था। विद्युत ने कहा कि अपना दिमाग साफ रखने के लिए आपको करुणा, दया, और माफ करना सीखना चाहिए। हम ये कब कर सकते हैं? विद्युत ने अपने फैंस से पूछा है कि हमें उन्हें माफ करना चाहिए या नहीं? हमारे पास माफ करने की ताकत है। हम बड़े पापियों को भी माफ कर देते हैं। आप क्या सोचते हैं? हमे आपसे प्यार है।

### क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि रणवीर इलाहाबादिया ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो में एक प्रतियोगी से उसके मां-बाप के बारे में अभद्र सवाल पूछे थे। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रणवीर ने इस मामले पर लोगों से माफी मांगी है। कई सितारों ने इस मामले के लिए रणवीर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने कहा है कि रणवीर माफ कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है।



## वैलेंटाइन डे पर ऋचा ने दिया फैंस को तोहफा, आखिरी सोमवार में आएंगी नजर; खुद लिखी ये प्रेम कहानी

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने आज वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल आखिरी सोमवार रखा गया है।

### खुद लिखी फिल्म की कहानी

ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं।

### कुछ ऐसी है कहानी

फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई चाइल्डिस कैट लेडी कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है। ऋचा ने कहा, मिडिल क्लास पंजाबी परिवार में बड़े होने से मेरा एक्सपीरियंस ऐसा रहा। मेरे सभी बड़े कजिन ने अरेंज मैरिज की है। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही है जो एक परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती है, यह एक फैमली मूवी है, जो आपके साथ आपके परिवार को भी पसंद आएगी।

### युवा सोच को लेकर दी अपनी राय

ऋचा ने कहा, जब हम कॉलेज से पास होते हैं, तो बहुत सारे सपने लेकर बाहर आते हैं। कोई नौकरी में जाता है कोई बिजनेस में। जब आप 30 के होते हैं तो एक नौकरी और परिवार दोनों की आशा रखते हैं, लेकिन समाज को लगता है कि बहुत देर हो चुकी है और आप थक जाते हैं क्योंकि ये सपने अब हासिल नहीं किए जा सकते। आखिरी सोमवार भी एक ऐसी कहानी है जो पहले टूटने और फिर साथ आने की कहानी है।

### निर्माता के तौर पर खास है कहानी

ऋचा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में, मेरी कॉमिक टाइमिंग का बहुत कम उपयोग किया गया है। हालांकि, मार्केट के हिसाब से देखें तो यह फिल्म कमाई करने की खास कहानी है। फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

## अश्विनी की फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा

नि ल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने लिए एक अलग ग्राफ सेट किया है। उन्होंने इमोशनल कहानियों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब वे एक नए ड्रामा से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में वो सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका को कास्ट करने वाली हैं। सोनाक्षी को हीरामंडी में से शेड वाले कैरेक्टर के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस प्रोजेक्ट को कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है और इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। इसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म पर पिछले दो सालों से काम चल रहा है। शुरुआत में इसे करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को आफर किया गया था। हालांकि, उनके साथ बात नहीं बनी जिसकी वजह से फिल्म में देरी हुई। अब सोनाक्षी और ज्योतिका के साथ ये फिल्म बनाई जा रही है। यह सोनाक्षी की पहली लीगल ड्रामा है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा ज्योतिका भी लीड रोल में हैं।





## कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। रकुल ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

### कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेता रकुल प्रीत सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है।

### हिंदी फिल्मों में करना था काम

रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था की बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही करियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म यारियां से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले पति पत्नी और वो, हैप्पी भाग जाएगी और खेल खेल में जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे 2, इंडियन 3 जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



## कार्तिक के लिए साउथ से इम्पोर्ट हुई हीरोइन

हिंदी सिनेमा के चोटी के सितारों में गिने जाते रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' के बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप होने के बाद से हालत खस्ता है। उनके पास ले देकर गिनती की बस दो फिल्में हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के सुपरहिट होने के बाद भी उनके पास नई फिल्मों के प्रस्ताव न आने का मामला भी काफी रोचक रहा है। राजश्री प्रोडक्शन्स की फिल्म से बाहर होने के बाद से कार्तिक आर्यन को उनकी नई फिल्मों के लिए हीरोइन मिलने का संकट भी रहा है।

अब पता चला है कि उनकी अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए साउथ की उस हीरोइन को फाइनल किया गया है जिसने फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम डांस किया है। इस हीरोइन का नाम है श्री लीला। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह फिल्म 'रॉबिनहुड' भी कर रही हैं। हिंदी सिनेमा में श्री लीला की चर्चा सबसे पहले 'छावा' के निर्माता दिनेश विजन की फिल्म 'दिलेर' की हीरोइन बनने के समय हुई। ये फिल्म सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म होनी थी, लेकिन फिल्म ट्रेड में फिल्म के गर्म न हो पाने पर इब्राहिम का डेब्यू अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' से होगा।

श्री लीला का नाम कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन के लिए उस फिल्म के लिए भी करीब करीब फाइनल हो चुका है जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और जिसकी हीरोइन पहले तृप्ति डिमरी थीं। अनुराग की फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने जा रही है। ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसका संगीत प्रीतम तैयार कर चुके हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के समय अपने साथ किए गए व्यवहार को लेकर तृप्ति ने ही कार्तिक के साथ काम करने से मना किया है। हिंदी सिनेमा की स्थापित हीरोइनों में से तमाम दूसरी हीरोइन भी कार्तिक के साथ काम करने की अनिच्छा प्रकट कर चुकी हैं। इसी के चलते धर्मा प्रोडक्शंस के साथ बन रही उनकी अगली फिल्म में अनन्या पांडे को हीरोइन बनाया गया है।





## तब सनम तेरी कसम नहीं चली, मुझे फिल्मों के कॉल्स नहीं आए, समझ नहीं आ रहा था क्या करूं

साउथ इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड में कई फिल्मों में नजर आए जाने-माने एक्टर हर्षवर्धन राणे इन दिनों काफी खुश हैं। उनकी फिल्म सनम तेरी कसम तकरीबन 9 साल बाद री-रिलीज हुई है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। पिछले दिनों हसीन दिलरुबा, तैश, दंगे जैसी फिल्मों में दिखे।

हर्षवर्धन उस वक्त मात्र 16 साल के थे, जब वे एक्टिंग के जुनून में घर से भागे थे। घर से भागने के बाद उन्होंने काफी संघर्ष किया। अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में वे कहते हैं, जब इंडस्ट्री में आपको ब्रेक मिलता है, तो लोग कहते हैं, अब तो तुम हीरो बन जाओगे, तुम्हारे पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी। मगर मेरी फिल्म सनम तेरी कसम आई। फिल्म को लेकर मेरे कई बड़े-बड़े ख्वाब थे। फिल्म नहीं चली। मुझे फिल्मों के कोई कॉल्स नहीं आए। वो वक्त बहुत ज्यादा कठिन था, मैं समझ ही नहीं पा रहा था कि उसे कैसे हैंडल करूं।

### गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता

ओटीटी पर हसीन दिलरुबा और तैश जैसे प्रॉजेक्ट्स में नजर आए हर्षवर्धन अन्य कलाकारों की तरह ओटीटी पर ज्यादा काम नहीं कर रहे हैं। कारण बताते हुए वे कहते हैं, मैं गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता। परदे के किरदारों की बात करूं तो मुझे मुझे गालियां देने में मजा नहीं आता। स्क्रीन पर फालतू के अंतरंग सीन करने में मुझे रुचि नहीं है। बहुत ज्यादा खून-खराबा हो रहा है, इन दिनों फिल्मों और ओटीटी पर। अगर कहानी की मांग है, तो बात अलग है, वरना आजकल बिना बात के अब्यूसिव कॉन्टेंट बहुत है। मेरी पिछली फिल्म दंगे को यू सर्टिफिकेट इसीलिए दिया गया था, क्योंकि वो वयस्कों का कॉन्टेंट था। जो कॉन्टेंट मैं अपने पेरेंट्स के साथ नहीं देख पाऊं या फिर परिवार संग न देख सकूं, तो मुझे नहीं करना। तो ज्यादातर मेरी चॉइस वहीं पर अटक जाती। क्योंकि मेरे पास भी उसी तरह के ऑफर आते हैं और मैं हां नहीं कर पाता।

### अब फिल्म के पार्ट टू का रास्ता खुलेगा

सनम तेरी कसम अपनी री रिलीज पर अच्छा बिजनेस कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ से भी ज्यादा का बिजनेस किया है। इस पर हर्ष खुशी जताते हुए कहते हैं, मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अंततः मेरे निर्माता दीपक मुकुट के चेहरे पर मुस्कराहट आई। भले वो खुशी उन्हें 9 साल बाद मिली हो। एक अरसे से लोग मुझसे पूछा करते थे कि आप पार्ट टू कब लेकर आओगे, तो मैं क्या जवाब देता? अरे भाई पार्ट टू लाना इतना आसान होता है क्या, मगर सीधी-सी बात है कि फिल्म अच्छा करेगी, तो इसके पार्ट 2 का रास्ता खुलेगा। अब जब फिल्म दोबारा रिलीज हुई है, तो फिल्म से जुड़ी कई यादें ताज़ा हो गई हैं।

### मावरा ने खुद को अपने किरदार के प्रति समर्पित कर दिया था

आज से तकरीबन 9 साल पहले आई इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे की हीरोइन पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुक्केन थीं। हर्षवर्धन और मावरा की केमेस्ट्री काफी पसंद की गई थी। हर्षवर्धन कहते हैं, मावरा के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि वे बहुत ही मेहनती और ईमानदार अभिनेत्री हैं। उन्होंने किरदार के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया था ,उनके साथ काम करके बहुत मजा आया था। हाल ही में उनकी शादी हुई है और मुझे लगता है कि बॉक्स ऑफिस पर जो नंबर्स आ रहे हैं, उससे बेहतर वेडिंग गिफ्ट उनके लिए क्या हो सकती है?

## दिलजीत की लाइफ पर बनने जा रही है डॉक्यूमेंट्री

दिलजीत दोसांझ ने न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी दर्शकों का भी दिल जीता है। खासकर दिल लुमिनाटी टूर के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खबर है कि उनके जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री के लिए अमेरिकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलू से उनकी बातचीत चल रही है। इस सीरीज के जॉनर लोगों को दिलजीत को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इस कड़ी में उनके शुरुआती संघर्ष से लेकर दुनियाभर में उनके स्टारडम का कहानी हम सभी के सामने होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म को पूरा भरोसा है कि दिलजीत की कहानी दुनियाभर के दर्शकों को प्रेरित करेगी, क्योंकि उन्होंने पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाई है। डॉक्यूमेंट्री के जरिए यह भी दिखाया जाएगा कि किस तरह गायक और उनके पंजाबी संगीत ने वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव डाला है। इसकी शूटिंग इसी साल होगी। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की शूटिंग इसी साल शुरू होगी।



# परीक्षा में सफलता पाने का मूल मंत्र



यदि तुम इस बार क्लास में फर्स्ट रैंक पर नहीं आई, तो याद रखना कि तुम्हारे सारे गिफ्ट्स कैंसल..., गोवा का ट्रिप तो कैंसल ही समझना यदि तुमने टॉप नहीं किया..., देखो बेटा कम नंबर लाकर हमारी नाक मत कटवा देना, यदि 90 प्रतिशत नहीं आए तो मनपसंद कालेज में एडमिशन नहीं मिलेगा..., ये सब एग्जाम से पहले हर पैरेंट्स को कहते हुए सुना जा सकता है, जो बच्चों में एग्जाम की टैंशन दोगुना कर देते हैं।

वास्तव में परीक्षा की घड़ी ऐसा समय होता है, जब बच्चे हों या बड़े हर कोई घबरा जाता है। छोटे बच्चों के लिए परीक्षा किसी हौव्वे से कम नहीं होती। एक ओर पेरेंट्स की उनसे अपेक्षाएं और दूसरी ओर उनका चंचल मन, दोनों उनके लिए दुविधा का कारण बन जाते हैं। परीक्षा में जहां तनाव के कारण बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए परीक्षा में अच्छे अंक लाना भी मजबूरी बन जाती है।

## सफलता का मूल मंत्र

1 सबसे पहले पढ़ाई करने के लिए एक टाइम टेबल बनाएं और उसी के अनुसार अपनी पढ़ाई करें।
2 पढ़ाई करते वक्त एकाग्रता होनी बहुत जरूरी होती है। इसके लिए सुबह जल्दी उठ कर ध्यान करें, जिससे आपकी एकाग्रता बनी रहे।
3 हर रोज कोई टैस्ट पेपर बना कर एक निर्धारित समय सीमा में उसको हल करने का प्रयास करें। उसके बाद अपनी उत्तर पुस्तिका को जांच कर अपना मूल्यांकन स्वयं करें।
4 लगातार घंटों बैठ कर पढ़ाई करने से बेहतर है कुछ समय एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई की जाए।
5 पढ़ाई के बीच-बीच में दो-तीन घंटे बाद एक ब्रेक अवश्य लें।
6 देर रात तक पढ़ने की अपेक्षा सुबह जल्दी उठ कर पढ़ाई करें।
7 आप चाहें तो अपने दोस्तों के साथ बैठ कर भी पढ़ाई कर सकते हैं।
8 पढ़ाई के दौरान और परीक्षा के लिए जाते समय कभी भी ऐसे नकारात्मक विचार मन में न आने दें कि जो पेपर में आएगा वह हल कर पाऊंगा या नहीं।
9 पूरे आत्मविश्वास के साथ पेपर देने जाएं। इससे पेपर हल करने में काफी मदद मिलेगी।
10 हमेशा यह सोचें कि मेहनत करके आप भी अव्वल आ सकते हैं।
11 परीक्षा में सबसे पहले पूरा प्रश्नपत्र पढ़ें और उसके बाद ही उसे हल करें। हड़बड़ी में प्रश्नपत्र हल करने की भूल न करें।
12 जिस प्रश्न को हल कर रहे हैं, उस पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित रखें। इस दौरान अन्य प्रश्नों के बारे में विचार न करें, परंतु समय का ध्यान जरूर रखें।

## न बनाएं दबाव

अपने बच्चे की क्षमता, रुचियों, इच्छा और क्लास में उसकी पोजीशन जानने की पैरेंट्स की कोई इच्छा नहीं रहती तथा बच्चे पर हर संभव तरीके से दबाव डाला जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चा बीमार भी हो सकता है तथा फेल होने पर घातक कदम तक उठा लेता है। अतः बच्चे को बिना किसी दबाव के इम्तिहान देने देना ही उसे तनाव मुक्त बनाता है।



उस पर कभी ज्यादा अंक लाने या किसी अन्य बच्चे जैसा बनने का दबाव न डालें। हर बच्चा अपने आप में विलक्षण होता है, बस उसे पहचानने की कोशिश करें। उसे आपके विवेकपूर्ण मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए उसकी असफलताओं पर उसे धिक्कारें नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों में उसे संभले रहने की शिक्षा दें।

## प्रेरित करें

हर बच्चे की बुद्धि, योग्यता और दक्षता भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए तुलना विपरीत परिणाम सामने ला सकती है। किसी बच्चे पर अधिक अंक लाने के दबाव का परिणाम अक्सर उल्टा होता है। अपने बच्चे को परीक्षा के लिए अधिक से अधिक तैयारी करने के लिए प्रेरित करना तो अच्छी बात है, परंतु उसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्त करने का दबाव बनाना गलत है।

इससे वह प्रेरित होने की अपेक्षा कुंठित ज्यादा होता है। यदि बच्चा पैरेंट्स की इच्छानुसार परिणाम नहीं ला पाता तो उसे प्रताड़ित न करें। इस बात का विश्वास रखें कि हर बच्चा अपने पैरेंट्स की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करता है।

## बच्चे का संबल बनें

जब वह ऐसा नहीं कर पाता तो वह खुद ही बहुत निराशा, हताशा और आत्मग्लानि महसूस करता है। इस नाजुक समय में बच्चे को पैरेंट्स से संबल की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में बच्चे को अपमानित करने से बचें, क्योंकि यह वह संवेदनशील स्थिति होती है कि बच्चा आत्महत्या जैसे घातक कदम तक उठा सकता है।

## बदलें दृष्टिकोण

यदि आशानुरूप परिणाम नहीं आए, तो उसे धीरज बंधाएं और समझाएं कि कोई एक परीक्षा उनके लिए उससे महत्वपूर्ण नहीं है। अभी जीवन बहुत बड़ा है और उसे खुद को सिद्ध करने के अनेक मौके मिलेंगे। अभिभावकों का यह दृष्टिकोण बच्चे को अच्छा प्रदर्शन करने को प्रेरित करेगा।

## रखें ध्यान

1 हर बच्चा किसी विशेष प्रतिभा के साथ पैदा होता है। इस बात को समझें व बच्चे को भी समझाएं।
2 अपने बच्चे को कामयाब नहीं, काबिल बनने के लिए पढ़ने को कहें।
3 उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का साधन मत समझें।
4 उसकी रुचियों और आदतों को समझते हुए उसे समझने का प्रयास करें तथा उसी के अनुरूप करियर चयन में उसका साथ दें।
5 किसी बात को उस पर थोपें नहीं, बल्कि उसे सिर्फ सुझाव दें।

# असफलता के बीच से निकलती है सफलता




किसी ने सच कहा है कि असफलता के बीच से ही सफलता का रास्ता निकलता है। यह अलग बात है कि हम असफलता के बाद ही इतना परेशान हो जाते हैं कि अगली बार कुछ भी पाने की कोशिश नहीं करते हैं। जिसके कारण हमारी सफलता का दौर शुरू होने से पहले ही बाधित हो जाता है। खास बात तो यह है कि इसी भीड़ से कुछ लोग अपने आपको हतोत्साहित नहीं करते बल्कि असफलता के बीच से ही सफलता के नए-नए आयाम ढूंढ लेते हैं। जो इस आयाम के सहार लेकर कुछ नया करने का प्रयास करते रहते हैं वे निसंदेह एक दिन कुछ खास कर जाते हैं जिसके कारण उनकी पहचान देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी नहीं, इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में सदा के लिए लिख दिए जाते हैं। हम यहां आगे बढ़ने से पहले बल्ब के आविष्कारक थामस एडिसन की एक छोटी सी घटना पर प्रकाश डालना चाहूंगा। गौर करने की बात तो यह है कि एक बार जब थामस ने बल्ब का आविष्कार किया तो लोंगों ने उनसे प्रश्न किया कि-आप का प्रयोग करीब दो हजार बार फेल होने के बाद आप को अब जाकर सफलता मिली है। इसके जवाब में एडिसन ने कहा कि आपकी सोच गलत है क्योंकि मैं मेरा प्रयोग दो हजार बार फेल नहीं हुआ, बल्कि बल्ब का आविष्कार का प्रयोग दो हजार प्रयोग के बाद पूरा हुआ। इस वाक्य से बहुत ही सकारात्मक सोच की अनुभूति होती है। अगर हमारे अंदर इस तरह की सोच होगी तो हमारे बीच से हजारों की संख्या में थामस एडिसन और न्यूटन जैसे सकारात्मक और सफल व्यक्तियों का आगाज होता रहेगा।

सफल होना हर किसी के जीवन का लक्ष्य होता है। सभी लोग सफल होना चाहते हैं और उसके लिए कोशिश भी करते हैं। जिसके लिए हम अपनी लाइफ का अच्छा खासा समय उसे सजाने में लगा देते हैं। यह अलग बात है कि हमारी सफलता का अनुपात कुछ समय ज्यादा तो कुछ समय कम होता है। कुछ लोगों को सफलता ज्यादा मिलती है तो कुछ लोगों को सफलता देर से मिलती है। इसके पीछे सभी के विचार भी अलग होते हैं। इसके लिए सबके विचार भी अलग-अलग होते हैं।

## सफलता का मंत्र-

हमेशा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा तय करें। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अगर हम सौ प्रतिशत सफलता का लक्ष्य बनाएंगे तो कुछ हद तक तो सफलता जरूर मिलेगी। अगर हमें पूरी सफलता नहीं मिलेगी तो भी हम कुछ हद तक तो सफलता पा ही जाएंगे। सफलता के लिए जरूरी है कि हमारे अंदर आत्मविश्वास के साथ आत्मज्ञान और संयम भी हो। हमेशा सकारात्मक सोच रखे और नकारात्मक सोच को दरकिनार कर दें। हमें हमेशा अपने लक्ष्य को याद रखना चाहिए। लक्ष्य के अनुसार ही काम करना चाहिए। जहां तक संभव हो अपने आपको भ्रांतियों से बचाकर ही रखें और अपने को समय के अनुसार ही ढालें। सफलता की सभी कहानियां उसके असफलता से ही निकलती हैं। आज में जीने वाला व्यक्ति सदा, खुशहाल भविष्य का भागीदारी होता है। यहां हमारा यह बिल्कुल भी नहीं कहना है कि आज को आप पूरी तरह ऐश में बीता दें, यानी बर्बाद कर दें तो आप का भविष्य उज्ज्वल है। यहां आज में जीने का तात्पर्य बहुत ही सामान्य है कि आप आज में जीए और भविष्य के लिए तैयारियां करें, उदाहरण के तौर पर अगर हम परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो हमें वर्तमान में जी कर यानी पूरी तरह से अटेंटिव होकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। इस दौरान उसे न तो नौकरी के बारे में सोचना चाहिए और न ही उसे परीक्षा के परिणाम के बारे में सोचना चाहिए। अगर वह स्टूडेंट, विभिन्न तरह के परिणामों यानी सवालों के घेरे में पड़ जाएगा तो वह वर्तमान दौर की जरुरत पढ़ाई नहीं कर पाएगा। फिर न तो परीक्षा का रिजल्ट आएगा और नही अच्छी नौकरी की उम्मीद की जा सकती है। हमें कभी भी शॉट कट फार्मूला नहीं अपनाना चाहिए। गौर करने की बात तो यह है कि शॉटकट हमेशा छोटा होता है और वह असफलता को आमंत्रित करता है। अगर गलती से सफलता मिल भी जाती है तो वह ज्यादा दिनों तक नहीं टिकती है क्योंकि वह भी शॉट कट से निकलती है तो वह भी शॉट होती है। हमे जिंदगी में फूल प्रूफ प्लान बनाना चाहिए ताकि सफलता में कोई भी संदेह न रहे। सबसे अहम और जरूरी बात यह है कि हर किसी को अपने अंदर आत्मविश्वास और भरोसा जरूर रखना चाहिए। क्योंकि आत्मविश्वास होने पर बड़ी से बड़ी चुनौतियां बड़े ही आसानी से प्राप्त की जा सकती है। सफलता का एक अन्य जरूरी सूत्र है कि हम अपने आपको आत्मसंतुलित रखें यानी कि अपने को नियमों के अनुसार बांधकर चले। जिससे सफलता जरूर मिलती है। अपने आपको सदा इधर-उधर की बातों से दूर रखें जहां तक संभव हो जितना जरूरी हो वहीं तक लोगों से बात करे। लोगों को सदा इंटरटेन करने के बारे में न सोचे। अगर आपको लगे कि इसकी संगति आपको परेशान यानी असफलता की तरफ ले जाती है तो आपको इसका छोड़ने में देरी नही करनी चाहिए। इसी संदर्भ में किसी जानकार का वक्तव्य हम व्यक्त करना चाहेंगे कि कुसंगति से अच्छा है कि हम बिना संगति के रहें।

गौर करने की बात तो यह है कि सफलता से सदा आत्मसंतुष्टि होती है जिसका स्वाद तो बस वही समझ सकता है कि जिसने सच्चे अर्थों में सफलता प्राप्त की हो यानी जिसने अपनी लगन और मेहनत से तैयारी की हो और उसे उसी अनुपात में सफलता मिली हो। सफलता के बाद हमें नेम, फेम के साथ एक सुकून मिलता है जो बड़ा ही आरामदायक और आनंददायक होता है। लेकिन इन सब के बावजूद व्यक्ति को कभी यह नहीं भूलना चाहिए कि उसकी शुरुआत कहा से हुई थी।



# स्वयं को तरक्की की राह पर परखें

महाभारत का युद्ध कहीं बाहर नहीं, हमारे मन में ही चलता है। मन में अच्छे और बुरे विचारों की लड़ाई ही महाभारत है। यहां हमारा मन अर्जुन है और विवेक रूपी चेतना कृष्ण।

युद्ध के दौरान जब अर्जुन अपने सभी सगे-संबंधियों, गुरुओं आदि को सामने देखते हैं तो उनके मन में मोह पैदा हो जाता है। उन्हें लगता है कि ये सब तो मेरे अपने हैं, मैं इनको कैसे मार सकता हूं। इससे तो अच्छा है कि मैं युद्ध ही न करूं। ऐसी बातें सोच कर दुखी अर्जुन भगवान कृष्ण की शरण में बैठ गए।

तब भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। कहा, 'हे अर्जुन, जड़ मत बनो। यह तुम्हारे चरित्र के अनुरूप नहीं है। हृदय की तुच्छ दुर्बलता को त्यागकर युद्ध के लिए खड़े हो जाओ।'

कई बार व्यक्ति को किसी काम को करने से उसका दुर्बल मन डराता है। इस वजह से वह आगे नहीं बढ़ पाता मगर याद रखना चाहिए कि जीवन में तरक्की दुर्बलता से नहीं बल्कि मजबूत इरादों से मिलती है। दिनचर्या के हर काम को युद्ध की तरह समझना चाहिए और उसको उत्साह के साथ पूरा करना चाहिए। मन को कभी कमजोर नहीं पड़ने देना चाहिए। मन डराएगा लेकिन हमें डरना नहीं है। जीवन आगे बढ़ने के लिए है, डर कर या निराश होकर बैठ जाने के लिए नहीं।

# कैसे प्रेरित करें व्यक्ति को उन्नति व प्रगति की तरफ



प्रशंसा के द्वारा मानव हृदय जितना अधिक आकर्षित और आंदोलित होता है, उतना और किसी प्रकार नहीं होता। प्रशंसा, झूठी चापलूसी और चाटुकारिता से सर्वथा भिन्न है। सभी चाहते हैं कि हमारे गुणों को दूसरे भी परखें, सम्मान करें। प्रशंसा-प्रोत्साहन द्वारा अनेक व्यक्तियों को ऊंचा उठाने, आगे बढ़ाने में सहायक बनने का सत्प्रयोजन पूरा किया जा सकता है। इसका जादू सभी पर प्रभाव डालता है।

हो सकता है कि कोई क्रियाशील व्यक्ति आपकी प्रशंसा-प्रोत्साहन पाकर आभावों-प्रतिकूलताओं के बीच भी आगे बढ़ने का साहस नए सिरे से जुटा ले और उन्नति के प्रकाशपूर्ण पथ पर चलता हुआ, एक दिन ऊंची चोटी पर जा पहुंचे। इस महान कर्म-साधना में आप भी अनायास ही पुण्य के भागीदार बन बैठेंगे।

अनेक ऐसे लोग जो व्यक्तिगत रूप से उन्नतिशील होते हैं और जिनमें योग्यता के अंकुर विद्यमान होते हैं, समीपस्थ लोगों की झिड़क, तिरस्कार, उपेक्षा के कारण दब जाते हैं। उनका मन मर जाता है और वे उसी को अपनी नियति मान बैठते हैं। उनके गुणों को परखकर प्रशंसा-प्रोत्साहन के दो शब्द उनके कानों में डालने की कंजूसी न की जाए, तो इन्हीं थोड़े शब्दों का रस ही उनके अन्तःकरण को ऊंचे स्तर की तृप्ति देता है, जिससे उनकी सारी थकान मिट जाती है, स्फूर्ति और उमंग उमड़ पड़ती है।

उन्नति के अवरुद्ध स्रोत खुल जाते हैं, अविकसित सत्प्रवृत्तियां प्रस्फुटित हो जाती हैं, छिपी योग्यताएं जाग्रत हो जाती हैं और निराशा के अंधकार में उन्हें पुनः आशा का दीपक जगमगाता दृष्टिगोचर होने लगता है। प्रशंसा के उपरांत यह परामर्श भी दिया जा सकता है कि उसमें जो थोड़ा-बहुत दोष-दुर्गुण हैं उन्हें किस प्रकार छोड़ें, अधिक प्रतिभावान बनें। यदि आप दूसरों के मुरझाए हृदयों को सींचने का, कानों की राह आत्माओं को अमृत पिलाने का धर्म-कार्य करते हैं, तो परोपकारी मेघों जैसे श्रेय के भागी हैं।

# खेरदा क्षेत्र से दुकानों के निरीक्षण कर नमूने लिए, खाद्य सुरक्षा दल ने की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** शादियों के सीजन में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश भर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी और कार्यवाही की जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे व अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के निर्देश पर जिले मव कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सवाई माधोपुर मे शादियों के सीजन को देखते हुए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत लगातार सवाई माधोपुर के शहरी व ग्रामीण इलाकों में सघन कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा खेरदा क्षेत्र स्थित कोटा कचोरी एंड स्वीट्स से बेसन, मिर्च पाउडर,आयोडाइज्ड नमक, मैदा व दही के नमूने, खेरदा स्थित राधे स्वीट से मिल्क केक, मिर्च पाउडर, हल्दी, मैदा, आटा के नमूने लिए तथा संस्थान का निरीक्षण कर साफ़ सफ़ाई रखने के दिशा निर्देश प्रदान किए । इसके साथ देव किराना एंड जनरल स्टोर से कच्ची घानी सरसो तेल, मूंगफली तेल, बेसन, सूजी के नमूने खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए गए। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जाँच हेतु जयपुर खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया जहाँ से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी । निरिक्षण किये गये सभी प्रतिष्ठानों को साफ सफाई रखने को पांबद किया, फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने की हिदायत दी एंव ताजा मिठाईयों का विक्रय करने एंव मिठाईयों में कलर का उपयोग सिमित मात्रा में करने के लिए पांबद किया गया।

# मेड़तिया सिलावट सेवा संस्थान जवाई बांध की और से आमना पार्टी प्लॉट शिवगंज में चुनाव कार्यक्रम होने की हुई घोषणा



जयपुर टाइम्स

**बाली(निसं.)।** मेड़तिया सिलावट सेवा संस्थान के मुख्यालय जवाई बांध की और से 09 फरवरी 2025 को आमना पार्टी प्लॉट शिवगंज के प्रांगण मे हुई बैठक में आगामी सदर और सेक्रेट्री पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया का ऐलान किया गया है। यह चुनाव संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदों के लिए किए जा रहे हैं। संस्थान ने चुनाव कार्यक्रम को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए एक विस्तृत समय सारणी जारी की है। चुनाव प्रक्रिया 16 फरवरी से 17 फरवरी तक आवेदन लेने के साथ शुरू होगी, और उम्मीदवारों को 18 फरवरी तक अपना आवेदन जमा करने का समय मिलेगा। नाम वापस लेने की आखिरी तिथि 20 फरवरी निर्धारित की गई है, और उसी दिन से चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद, 22 फरवरी को मतदाता सूची जारी की जाएगी, ताकि सभी योग्य मतदाता मतदान में भाग ले सकें। चुनाव के दिन, 26 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना उसी दिन दोपहर 3 बजे से शुरू होगी, और परिणामों की घोषणा तुरंत की जाएगी। इसके बाद, नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपना शपथ ग्रहण करेंगे और अपने पदों की जिम्मेदारी संभालेंगे। संस्थान ने यह चुनाव अपने समाज के सदस्य को बेहतर नेतृत्व और दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया है। इस चुनाव में भाग लेने के लिए संस्थान ने सभी इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि वे समय पर अपनी प्रक्रिया पूरी करें और इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें। संस्थान का मानना है कि यह चुनाव संस्थान के कामकाज को और अधिक सशक्त बनाएगा और समाज के कल्याण के लिए नई दिशा प्रदान करेगा। सभी मतदाता और उम्मीदवारों से यह उम्मीद की जाती है कि वे इस चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज के विकास में अपना योगदान देंगे।

# अधिक लोगो को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करे प्रधान बेलवा



जयपुर टाइम्स

**मांडलगढ़(निसं.)** पंचायत समिति कोटडी में गत 4 वर्षों से विद्युत बिलों के भरी खर्च होने से परेशानी आए रही थी निजी आय नहीं होने से समय पर बिलों का भुगतान नहीं होने से कनेक्शन विच्छेद हो जाती थी परेशानी को देखते हुए प्रधानमंत्री सौर ग्रह पैनल के माध्यम से बिजली के खर्चों में कटौती एवं कनेक्शन बंद होने में बिल बकाया एक समस्या थी 20 फरवरी 2024 से नियुक्त हुए विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने प्रधान करण सिंह बेलवा से विचार विमर्श कर स्थाई समाधान के उद्देश्य से जिले में नवाचार एवं विद्युत बचत तथा सौर लाइट प्रोत्साहन करने के लिए पंचायत समिति की निजी आय से 3.60 लाख से 10 किलो वाट का सेमवा ऊर्जा कंपनी से एस्टीमेट लेकर 01 फरवरी 2025 से कार्य शुरू कर 15 फरवरी 2025 को सौर ग्रह पैनल लगाया गया जिससे पंचायत समिति को प्रति माह 30 -35 हजार रूपये महीने का बिल भुगतान की समस्या समाप्त हो गई एक वर्ष में 3 लाख 50 हजार से 3 लाख 75 हजार की बचत हुई अब लगभग 25 वर्षों तक बिल 3.50 से 3.75 लाख तक के बिल से मुक्ति मिली यह 10 किलोवाट के पैनल से प्रतिदिन 25 यूनिट बिजली उत्पादन कर विद्युत विभाग को उपलब्ध कराएगा और उसमें से आवश्यकतानुसार यूनिटों का पंचायत समिति उपभोग कार सकेगी सर्दी, वर्षा ऋतु में उपभोग काम रहने पर यूनिटों की बचत होगी जो गर्मी के मौसम में बचत की खपत में उपभोग कर लिया जाएगा इस नवाचार के साथ कोटडी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक कदम को बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगो को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक कर सीमित बिजली की बचत का संदेश दे रही है इसे लोगों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा खूब सराहा गया एवं सौर ऊर्जा संरक्षण के प्रति एक आशा की किरण के रूप में प्रस्तुत किया ।

## लाईट्स पोर्टल पर प्रकरणों का अपडेशनयाचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में बैठक 28 फरवरी को

**सवाई माधोपुर(निसं)।** राजस्थान सरकार के न्याय विभाग की लाईट्स पोर्टल पर प्रकरणों का अपडेशन, याचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 28 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।


## कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

इस कार्यालय हेतु निम्नानुसार पुस्तक एवं फोल्डर छपाई कार्य किये जाने है-

| क.सं. | खुली बोली संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08/2024-25 | पुस्तक एवं फोल्डर छपाई का कार्य | 2.6 लाख | EED2425GS OB00605 |

बोली से सम्बंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्ते वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

## कार्यालय ग्राम पंचायत पाथरेड़ी,

### पंचायत समिति पावटा (जयपुर),

क्रमांक- ग्रा.पं.पा/निविदा/2024-25/207 दिनांक- 17/2/2025

### ई - निविदा सूचना 2024-25

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत पाथरेड़ी में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZJP2425WSOB01983
ZJP2425WSOB01982
ZJP2425WSOB019

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पाथरेड़ी
पं.स. पावटा

प्रशासक
ग्राम पंचायत पाथरेड़ी
पं.स. पावटा


## मिट्टी भरे डंपर को जब्त कर जुर्माना लगाने के विरोध भी पत्थर व्यवसायी हुए लामबंद



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निसं)।** ऊपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति के बैनर तले पत्थर स्टॉक, पत्थर कटिंग मशीन, पत्थर व्यवसाय एक्सपोर्ट व्यवसाय वर्ग ने लामबंद हो कर वाहनों की रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर बिजौलियां सहायक खनि अभियंता बंशीलाल सुथार द्वारा मिट्टी के एक डंपर पर किसान से एक लाख रुपए जुर्माना वसूलने व रॉयल्टी संग्रहण ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक रॉयल्टी अवैध जुर्माना के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। समाधान न होने तक बुधवार से ऊपरमाल बिजौलियां खनन क्षेत्र में सर्वसम्मति से खनन लोडिंग बंद करने का निर्णय लिया साथ ही निगरानी कमेटी का भी गठन किया गया द्य ज्ञापन से पूर्व बन्नी के बालाजी मंदिर परिसर में करीब 500 से अधिक पत्थर व्यवसाय वर्ग एकत्रित हुए और मीटिंग सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार विमर्श करके बुधवार से अनिश्चितकालीन लोडिंग बंद करने का निर्णय लिया गया और समिति की कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक- 4463-4474 दिनांक -07-02-2025

### ई-निविदा सूचना संख्या- 24 / 2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.inThttp://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2425A4103

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB14735 | 2 | PWD2425WSOB14736 |
| 3 | PWD2425WSOB14737 | 4 | PWD2425WSOB14738 |
| 5 | PWD2425WSOB14739 | 6 | PWD2425WSOB14740 |
| 7 | PWD2425WSOB14741 | 8 | PWD2425WSOB14742 |
| 9 | PWD2425WSOB14744 | 10 | PWD2425WSOB14746 |
| 11 | PWD2425WSOB14748 | | |

DIPR/C/1864/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू


## रामजीदास मोदानी फाउंडेशन व मेदांता मेडिसिटी के संयुक्त तत्वावधान में होगी स्वास्थ्य परिचर्चा

**नरैना(निसं)।** कस्बे के तत्कालीन नगर सेठ स्व. रामजीदास मोदानी के नाम पर संचालित रामजीदास मोदानी फाउंडेशन व गुरूग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परिचर्चा शनिवार को जयपुर के मिर्जा स्माईल रोड़ स्थित होटल लीजर इन ग्रैंड चाणक्य के सभागार में सांय छः बजे से आयोजित होगी।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT, DIVISION TARANAGAR

TELEPHONE NO. 01561-240240 E-Mail Address: exenphed trn@rediffmail.com

No. 2587 Date:-17.2.25

### CORRIGENDUM-01 (NIT NO.124-129/2024-2025)

In continuation to this office detailed NIT No. 124-129/2024-2025, issued vide this office Rajkaj Ref. No.13330320 dated 31.01.2025 under Div. Taranagar following amendments are hereby notified::

1. The date of tendering process amendment as follows:

| S.No. | Particulars | As per original NIT | Now amended dates are as below |
|---|---|---|---|
| 01 | Last Date & Time for Submission of on line BID | 11.02.2025 at 2.00 PM | 20.02.2025 at 2.00 PM |
| 02 | Date & Time for Opening of Technical Bid | 12.02.2025 at 11.00 AM | 21.02.2025 at 11.00 AM |

ई-निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

DIPR/C/1953/2025

(राजेश कुमार जांगिड)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
खण्ड तारानगर

## Office of Chief Medical and Health Officer, Khairthal-Tijara

S.No./NHM/Act./2025/558 Dated 14/02/2025

### Notice Inviting Bid

Bids for IEC and Printing works are invited for interested bidders up to 24-02-2025 till 1.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp. raj.nic.in) approximate value of procurement is Rs 9.00 lack

NIBNO. MHS2425A3384

UBN NO-MHS 2425GSRC04835

Chief Medical and Health officer Khairthal-Tijara

## जमीन बेचान के नाम पर धोखाधड़ी, साढ़े 4 लाख रुपए हड़पे

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** जमीन बेचान के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने का मामला थाने में दर्ज हुआ है। गिन्नी देवी पत्नी विद्याधर ढाका निवासी श्योपुरा (ढाका का बास) ने थाने में रिपोर्ट दी की मैने 1 फरवरी 2021 को रमजान पुत्र छोटू सब्जीफरोस निवासी वार्ड 16 मंडावा से वार्ड 14 में पोद्दार धर्मशाला के पीछे प्लाट की भूमि में से एक 40.11 वर्ग गज भूमि का प्लाट खरीदा था जिसकी कीमत 4 लाख 50 हजार रुपए देना तय हुआ था। जिसमें से 50 हजार रुपए नगद और 4 लाख रुपए का चेक से भुगतान किया था, हमें जो रास्ता बता कर जगह बेची गई वह रास्ता सहित हमारे से पूर्व में ही किसी अन्य व्यक्ति को बेचान कर रखी है। जब हमने उक्त रास्ते की बात की तो रमजान और उसका पुत्र सरीफ दोनों हमें गुमराह कर रहे हैं कि नहीं वह हमारी ही जगह है और रास्ता भी हमारी जगह में ही है जबकि वहां पर उस जगह को पहले ही बेचान मनीष कुमार चौधरी पुत्र विष्णु चौधरी निवासी वार्ड नंबर 11 मुकुंदगढ़ को कर रखी है। रमजान व उसके पुत्र ने एक ही जगह को दो लोगों को बेचकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर साढ़े 4 लाख रुपए भी हड़प लिए। रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर इसकी जांच एएसआई मुलायम सिंह कर रहे हैं।

## सीएमएचओ गुर्जर ने हेतमसर पीएचसी का किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने मंगलवार को पीएचसी हेतमसर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ गुर्जर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस और शक्ति दिवस के अवसर पर पीएचसी पर आयोजित सत्र जांचने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संस्था पर हो रहे कम संस्थागत प्रसव पर नाराजगी जाहिर करते हुए डिलीवरी बढ़ाने और अच्छी तरह से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। हालांकि मौके पर सभी स्टाफ उपस्थित मिला। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता और जांच की स्थिति की जानकारी भी ली। सीएमएचओ ने स्टाफ को ड्रेस कोड में रहने और संस्था की व्यवस्था बेहतर बनाने व आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। अस्पताल में नियमित साफ सफाई रखे। आमजन को बेहतर सर्विस उपलब्ध कराए। यहां आने मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। काम में लापरवाही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि भविष्य में संस्थागत प्रसव नहीं बढ़ाए गए तो कार्रवाई अमल लाई जाएगी।

## रोडवेज बस ड्राइवर की बाइक चोरी




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं रोडवेज डिपो से चालक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने बाइक को गार्ड रूम के सामने खड़ी की थी। डयूटी खत्म होने के बाद घर जाने के लिए बाइक संभाली तो गायब मिली। इस संबंध में मण्डावा थाना क्षेत्र के सीगड़ा निवासी सीताराम ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि वह झुंझुनूं रोडवेज डिपो में चालक के पद पर कार्यरत है। सोमवार को डयूटी पर जाने के लिए घर से बाइक लेकर आया था। बाइक को झुंझुनूं रोडवेज आगार में गार्डरूम के बाहर खड़ी कर डयूटी पर चला गया। देर शाम को डयूटी खत्म होने के बाद वापस लोटकर बाइक संभाली तो मौके से गायब थी। काफी देर तक बाइक तलाश की। आसपास में लोगों से भी पूछताछ की लेकिन नहीं मिली। पुलिस ने चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि झुंझुनूं रोडवेज बस स्टैंड पर लगातार चोरी, चैन स्नेचिंग, चलती बस से सामान चुराना जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ी है। यात्रियों और सामान की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं नजर आ रहे हैं। इसमें रोडवेज प्रशासन की भी लापरवाही सामने आ रही है। रोडवेज बस स्टैंड पर लगाए सीसीटीवी कई सालों से खराब पड़े हैं, ऐसे में चोर आसानी से यहां चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** गांव इस्लामपुर में भागवत कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का आयोजन गांव के मुख्य चौक से होते हुए चूणा चौक चिचडोली मोड़ से होते हुए मुख्य बाजार तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। भागवत कथा के आयोजक प्रमोद खेतान वे बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है जो 7 दिन तक चलेगा। भागवत कथा का वाचन महाराज मनन महमिया की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर समस्त खेतान परिवार और ग्रामीण मौजूद रहे।

# ठेले वाले को मिला गहनों से भरा बैग लौटाया: शॉल- चांदी का सिक्का देकर किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में सब्जी की रेहड़ी लगाने वाले एक युवक ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। लाखों रुपए के गहनों से भरा बैग देख कर भी युवक का ईमान नहीं डगमगाया और युवक ने गहनों से भरा बैग लौटा दिया। युवक की ईमानदारी को देखते हुए महिला के ससुर ने उन्हें चांदी का सिक्का व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। शीथल निवासी रिटायर्ड सूबेदार राजेंद्र धायल ने बताया कि 13 फरवरी को उसकी बहू शादी में जाने के लिए गहने लेकर आई थी। झुंझुनूं शहर में पंचदेव के पास सब्जी खरीद रही थी। इस दौरान रेहड़ी पर ही गहनों से भरा बैग भूल गई। घर पहुंचने के बाद अगले दिन याद आया। खोजबीन करते हुए सब्जी विक्रेता बिजेंद्र सैनी की दुकान पहुंचे तो उन्होंने बैग को सुपुर्द कर दिया। महिला के ससुर रिटायर्ड सूबेदार ने बृजेंद्र सैनी की ईमानदारी से प्रभावित हुए। उन्हें शॉल और चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने सब्जी विक्रेता बृजेंद्र सैनी को उनकी सकारात्मक सोच और ईमानदारी के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस नेक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बृजेंद्र सैनी की ईमानदारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि समाज में आज भी सच्चाई और ईमानदारी की महत्वपूर्ण जगह है। मेरी युवाओं से अपील है कि वे सकारात्मक सोच और इंसानियत के साथ अपने जीवन को बिताए। इससे आम आदमी इससे अच्छा मैसेज जाएगा। इस दौरान जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह भी मौजूद रहे।

# ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी को सांड ने किया घायल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में आवारा सांड ने ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला बोल दिया। पुलिसकर्मी को अंदरूनी चोट आई, जिसे राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे की है। जानकारी के अनुसार घायल पुलिसकर्मी वीरेन्द्र कुमार रोडवेज बस स्टैंड के पास ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान अचानक पिछे से आवारा सांड दौड़ा आया और पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। उसके बाद मौके पर खड़े टेम्पों चालक रशीद ने भागकर फटकार सांड को भगा दिया, जिससे जान बच गई। उसके बाद पुलिसकर्मी को टेम्पों में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिसकर्मी को अंदरूनी चोट आई है। फिलहाल बीडीके अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में उनका इलाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि शहर की मुख्य सड़कां और गलियों में श्वानों और सांडों ने खूब आतंक मचा रखा है। हर रोज किसी न किसी व्यक्ति को इन जानवरों का शिकार होना पड़ रहा है। पुरानी सब्जी मंडी, एक नंबर रोड़, गांधी चौक, मण्डावा मोड



समेत कई जगहों पर आवारा गोवंश का जमावड़ा रहता है, जो आपस में लड़ते झगड़ते रहते हैं, जो कई बार लोगों को भी अपना शिकार बना लेते हैं। जिससे लोग गंभीर घायल तक हो जाते हैं। उसके बाद भी झुंझुनूं नगर परिषद आवारा जानवरों को पकडऩे में कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं ला रही है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान आमजन को उठाना पड़ रहा है।

# अधिकतम किसानों की बने फार्मर आईडी, लाभ के बारे में करें जागरूक: सुराणा

## जिला कलक्टर ने बूंटिया ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को चूरू तहसील के बूंटिया ग्राम पंचायत में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि अधिकतम किसानों की फार्मर आईडी बने। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ के बारे में जागरूक करें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषक समृद्धि के लिए संकल्पित हैं। इसलिए सरकार की मंशानुरूप किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं का समुचित लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ के बारे में जागरूक करते हुए शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करें। इसी के साथ किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के बारे में भी जानकारी दें और प्रयास करें कि अधिकतम किसान स्वयं गिरदावरी करें। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कहा कि शिविरों के दौरान विभागीय योजनाओं के बारे में समुचित प्रचार-प्रसार करें ताकि पात्र व वंचितों को लाभ मिल सके। इसी के साथ आमजन से उनकी समस्याएं भी सुनें और समुचित निस्तारण के प्रयास किए जाएं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की और शिविर में प्रत्येक काउंटर का निरीक्षण किया। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने व्यवस्थाओं की





जानकारी देते हुए किसानों को शिविरों व योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर सरपंच बंशीधर, नायब तहसीलदार महेन्द्र गहलोत, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, गिरदावर भवानी सिंह, सीमा, निजी सहायक सुरेश कुमार, विक्रम सिंह, धर्मपाल सहित अधिकारी, कर्मचारी व किसान उपस्थित रहे।

## विशेष योग्यजन इलेक्ट्रिक व्हील चेयर के लिए कल तक कर सकेंगे आवेदन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से बजट घोषणा 2024-25 की घोषणा संख्या 93 (2)/24-25 की अनुपालना में मांसपेशीय दुर्विकास पीड़ित विशेष योग्यजन को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर क्रय के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवायी जाएगी, जिस हेतु निदेशालय विशेष योग्यजन, राज. जयपुर की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। विभाग के उप निदेशक, डॉ0 पवन पूनिया ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत राजस्थान राज्य के हर आयु के मूल निवासी किसी भी प्रकार के मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ठ विकलांगता पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक विशेष योग्यजन को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। जिले के ऐसे दिव्यांगजन जो मांसपेशीय दुर्विकास से पीड़ित है, 20 फरवरी तक जिला कार्यालय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, झुन्झुनू में आवेदन पत्र जमा करवा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ एक फोटो, मूल निवास प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण व यूडीआईडी प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने आवश्यक है। उक्त योजना के संबध में आवेदन पत्र व आवश्यक दिशा-निर्देश निदेशालय की वेबसाईट या जिला कार्यालय, उप निदेशक, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, झुन्झुन से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## चंदेला बने पथिक सेना के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने मुन्नालाल चंदेला को संगठन में तमिलनाडु का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। समाज सेवी चंदेला मूलतः पाली जिले के रहने वाले हैं। उनकी नियुक्ति से मारवाड़ व दक्षिण भारतीय प्रवासी राजस्थानियों में खुशी का माहौल है। पोसवाल ने मुन्नालाल चंदेला को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।

## फर्जी पत्रकारों का बढ़ रहा कुनबा, अब लगाम जरूरी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** डिजिटल युग में सूचना का प्रसार अत्यंत तेज़ हो गया है, लेकिन इसके साथ ही फर्जी खबरों और झूठी पत्रकारिता का खतरा भी बढ़ गया है। व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी पत्रकारों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, जो बिना किसी प्रमाणिकता के भ्रामक और झूठी खबरें फैलाते हैं। यह न केवल समाज में अफवाहों को जन्म देता है बल्कि कानून- व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकता है। फर्जी पत्रकार अक्सर किसी संगठन से जुड़े बिना ही अपने नाम के आगे 'पत्रकार' या 'रिपोर्टर' लिखकर समाज में भ्रम पैदा करते हैं। वे व्हाट्सऐप ग्रुप्स व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से सनसनीखेज और बिना पुष्टि की खबरें फैलाते हैं, जिससे समाज में तनाव और अशांति फैल सकती है। इसके अलावा कुछ असामाजिक तत्व भी 'फर्जी पत्रकारिता' का इस्तेमाल निजी स्वार्थ के लिए करते हैं, जैसे कि लोगों को ब्लैकमेल करना या सरकारी अधिकारियों पर अनुचित दबाव बनाना। पत्रकार राम शर्मा ने मांग की है कि प्रशासन को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और फर्जी पत्रकारों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार को इस और ठोस कदम उठाने चाहिए, जिससे पत्रकारों की प्रमाणिकता की जांच की जा सके। साथ ही, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और अन्य पत्रकार संगठनों को भी ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। डिजिटल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ साइबर कानून के तहत कड़ी सजा का प्रावधान भी होना चाहिए। जनता को भी जागरूक रहने की जरूरत है कि वे किसी भी खबर को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। सही और जिम्मेदार पत्रकारिता ही समाज को जागरूक और सशक्त बना सकती है। अतः व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी पत्रकारों पर प्रशासन की सख्त निगरानी आवश्यक है, ताकि सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा मिल सके।

## जोधपुर की महिला ने बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाया

**जोधपुर(निसं)।** जोधपुर में सोशल मीडिया पर दोस्ती कर महिला ने चेन्नई (तमिलनाडु) के बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाया। उसने बिजनेसमैन को चेन्नई से जोधपुर बुलाया। बिजनेसमैन जोधपुर पहुंचा तो गैंग ने उसे बंधक बना लिया। बिजनेसमैन के साथ जबरन अश्लील वीडियो बनाए। उससे सोने की अंगूठी, कानों की बाली और चांदी की पायजेब लूट ली। यही नहीं, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिए करीब 2 लाख रुपए खाते से निकाल लिए। गैंग ने व्यापारी की पत्नी को वीडियो कॉल कर मारपीट का वीडियो दिखाया और 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। पत्नी ने रिश्तेदार के जरिए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर मंगलवार को बिजनेसमैन को छुड़ा लिया। महिला सरगना समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा ने बताया- गैंग की सरगना लीला (36) पत्नी महेंद्र चौधरी निवासी झुझंडा, प्रहलाद (35) उर्फ मांगीलाल बिश्नोई निवासी खेतासर (ओसियां), सुभाष चंद्र निवासी नोखड़ा भाटियान और रविंद्र नाथ निवासी गठिया पुलिस थाना गोटन को गिरफ्तार किया है। प्रहलाद, राजू मांजू गैंग का सदस्य भी है। जिस पर पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि यह गिरोह पहले भी कई व्यापारियों को अपना शिकार बना चुका है, लेकिन बदनामी के डर से कोई सामने नहीं आया।

**राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि.**
नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह मार्ग, जयपुर । E-Mail :- gmscdcho@gmail.com,
Ph No. : 0141-2740745, 2740544, Fax No. : 0141-2740880

क्रमांक :- एफ.32(44)अनुजा/संस्थापन/कम्प्यूटर ऑपरेटर/12143 दिनांक :- 13/02/2025

**बिड आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025—26 में अनुजा निगम मुख्यालय हेतु चार कम्प्यूटर मशीन विथ मैन एवं आरओबीसीएफडीसी हेतु एक कुल पाँच कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक मशीन विथ मैन की सेवाएं संविदा पर ली जानी है। इस क्षेत्र में मूल रूप से कार्य करने वाली विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से मोहरबन्द निविदाएं/खुली प्रतियोगी बोली आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य सेवा का विवरण | अनु. लागत (रुपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पाँच कम्प्युटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विथ मैन) | 6.00 लाख वार्षिक | 12,000/— | 200/— |

इच्छुक बोलीदाता/संवेदक दिनांक 27.02.2025 तक समय दोपहर 01:00 बजे तक बोली प्रपत्र शुल्क जमा कराकर निगम मुख्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। बोलीदाता/संवेदक द्वारा भरी हुई खुली प्रतियोगी बोली दिनांक 27.02.2025 को मध्यान्ह पश्चात 03:00 बजे तक बोली प्रतिभूति राशि के साथ सील बन्द लिफाफे में जमा कराना होगा। बोली प्रतिभूति राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट "प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि0, जयपुर" के नाम से देय होगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्राप्त खुली प्रतियोगी बोली को दिनांक 27.02.2025 को मध्यान्ह पश्चात 04:00 बजे निगम मुख्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सन्मुख उपापन समिति द्वारा खोला जायेगा। खुली प्रतियोगी बोली की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें राज्य सरकार के पोर्टल "http://sppp.rajasthan.gov.in" एवं निगम की वेबसाइट "rajanujanigam.rajasthan.gov.in" तथा निगम मुख्यालय पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/11852 प्रबन्ध निदेशक

# बच्चों को जल बचाने के लिए किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल व सहायक अभियंता दिनेश कुमार के निर्देशानुसार शहर के बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि जल है तो कल है इसके बावजूद जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आए हैं कि जल ही जीवन है, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल हमें प्रकृति की ओर से दिया गया है तो हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसका व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। मनुष्य, जानवरों, पेड़ पौधे सभी के जीवन में जल का उपयोग होता है। जल के बिना जीवन असंभव है। पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका व नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि नई जल प्रदाय योजना से पानी पर्याप्त व पूर्ण प्रेपर के साथ व मीटरयुक्त मिलेगा। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रतिव्यक्ति के लिए उपलब्ध पेयजल की मात्रा लगातार कम हो रही है। जहाँ एक ओर पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण और मिलावट के कारण उपयोग किए जाने वाले जलसंसाधनों की गुणवत्ता तेजी से घट रही है। अगर आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाली भावी पीढ़ियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जायेंगी। साथ ही बताया की फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करे। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है। पानी को हम बना नहीं सकते हैं। बचा तो सकते है। विद्यालय के प्रिंसीपल सुमन स्वामी ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला व आरयूआईडीपी की ओर से इस तरह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह जल के प्रति जागरूक करने से छोटी उम्र से ही बच्चों में जल संरक्षण की भावना आएगी। सोशल आउटरीच टीम से पवन सिंह व विद्यालय परिवार से सुनीता स्वामी, उर्मिला प्रजापत, प्रेम स्वामी, प्रियंका, मोनिका ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# नेत्र रोग जांच शिविर का पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ की ओर से 23 फरवरी को आयोजित होने वाले नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया तथा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी को ट्रस्ट सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशाल निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन कमलेश भरत डूंगरवाल सुजानगढ निवासी बेंगलुरु प्रवासी के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित किया जाएगा। शिविर में डॉ. मोहन जैन आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया की ओर से नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच करके मोतियाबिंद रोग के आपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा, चयनित नेत्र रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में निःशुल्क किए जाएंगे। बैठक में क्लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा, हाजी मोहम्मद, योगेन्द्र भोजक आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के लिए पंजीकरण शिविर 21 को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति परिसर में दिव्यांगों को संबल प्रदान करने के लिए व उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन 21 फरवरी को किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूआईडी कार्ड, रोड़वेज पास, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना व पेंशन आदि के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। शिविर शाम को चार बजे तक चलेगा। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को प्रमाण पत्र, यूआईडी कार्ड, आधार कार्ड और दो फोटो अपने साथ लाने होंगे।

# निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पांव व कैलिपर्स शिविर आज से

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित मानव सेवा संस्थान में महावीर सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पांव कैलिपर्स शिविर का शुभारंभ होगा। कपिल माटा ने बताया कि शिविर 22 फरवरी तक चलेगा। शिविर में निःशक्तजनों को निशुल्क कृत्रिम हाथ, पांव और पोलियो ग्रस्त लोगों को कैलीपर्स प्रदान किए जाएंगे। समन्वयक माणकचंद सर्राफ ने बताया कि शिविर का मुख्य कार्यक्रम 20 फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें चूरू जिला कलेक्टर माननीय अभिषेक सुराणा मुख्य अतिथि होंगे व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन चूरू के जिलाध्यक्ष रघुनाथ खेमका विशिष्ट अतिथि होंगे। शिविर पुखराज चोरडिया धर्मपत्नी रणजीत सिंह चौरडिया व उनके परिवारजनों के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रभारी कपिल माटा ने बताया कि महावीर सेवा सदन कोलकाता की तकनीकी कर्मचारियों की विशेष टीम कोलकाता से एंबुलेंस के साथ शिविर स्थल पहुंच गई है और उपकरण तैयार किए जा रहे हैं।

# राजपुरोहित का राजस्थान कबड्डी टीम में चयन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बहादुर सिंह कॉलोनी निवासी तेजमाल सिंह राजपुरोहित के पौत्र व जीवराज सिंह के पुत्र राजीव राजपुरोहित का राजस्थान कबड्डी टीम में चयन होने पर लोगों ने बधाइयाँ देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। समाचार मिलते ही शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। राजीव चूरू जिले का प्रतिनिधित्व राजस्थान टीम में करेगा। राजीव का चयन सरदारशहर व चूरू जिल के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि राजीव की हमेशा से ही कबड्डी में रूचि थी ओर उसकी कड़ी मेहनत व लगन से ही इस उपलब्धि को हासिल किया है। राजीव ने लगातार कबड्डी की ट्रेनिंग की व अपनी मेहनत व लगन से आज टीम में स्थान पाया। राजीव ने अपनी सफलता के पीछे अपने कोच देवीसिंह, दादाजी माता-पिता व अपने चाचा को बताया। राजीव का राज्य कबड्डी टीम में चयन होने पर बहादुर सिंह कॉलोनी एवं शहर के अनेक लोगों ने स्वागत किया।



# महाशिवरात्रि पर होगी विशेष पूजा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम ठरडा स्थित शिवालय मंदिर में श्री शिवालय मंदिर सेवा ट्रस्ट ठरडा की बैठक मैनेजिंग ट्रस्टी जगदीश खोड़ की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। महाशिवरात्रि के महोत्सव में सुबह 7 बजे भगवान का रुद्राभिषेक होगा और शाम को पूजा अभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार दर्शन व 9 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। शाम को 6 बजे से फतेहपुर के कलाकारों की ओर से धमाल की प्रस्तुति दी जाएगी। शिवालय मंदिर के प्रवक्ता दानमल भोजक ने जानकारी दी कि रात्रि 11 बजे विद्वान पंडितों की ओर से महाकाल की विशेष पूजा का आयोजन होगा। पूरे दिन की मेला व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई और सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। बैठक में ट्रस्ट के जगदीश खोड़, विनय माटोलिया, बंकट बोचीवाल, निर्मल सिंगोदिया, दानमल भोजक, पंकज गोयनका, अरविंद बोचीवाल, दीपक प्रजापत, प्रदीप सर्राफ, पंडित मनीष पाण्डे व अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वड़ोदरा में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा को वड़ोदरा के अभिव्यक्ति प्रांगण में पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान -25 प्रदान किया गया। कथक दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट, वड़ोदरा की ओर से आयोजित 23 वें पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला कथक महोत्सव में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा को उनके साहित्यिक अवदान के लिए इस सम्मान स्वरूप अभिनंदन स्मृति चिन्ह, शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। आयोजन के सूत्रधार कथक गुरू प्रोफेसर डॉ. जगदीश गंगानी ने इस सम्मान संदर्भ में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमराज रस्तोगी, निशित मेहता, बिजोय शिवराम, प्रोफेसर गौरंग भावसर, जे. सिद्धार्थ आदि ने यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डॉ. उमा डोंगरे, प्रसिद्ध संगीतज्ञ जीतू शंकर, कथक दर्शन की सचिव डॉ. प्रीति दामले, शंकर शर्मा, दुर्गेश गंगानी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दर्शन पुरोहित ने किया। समारोह में डॉ.घनश्याम नाथ ने सुंदरलाल गंगानी परिवार के कथक क्षेत्र में चार पीढ़ियों से दिए जा रहे योगदान को रेखांकित करते हुए इस सम्मान के प्रति आयोजकों का आभार व्यक्त किया।



# भाजपा नेता कुलदीप ने नगरपरिषद पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के पूर्व उप सभापति व भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर कांग्रेस की नगरपरिषद पर बहुमत का दुरूपयोग करते हुए बजट पास करवाने के आरोप लगाए हैं। कुलदीप ने कहा कि वार्ड पार्षद अपने वार्डो की समस्याओं से सदन को अवगत करवाना चाहते हैं, लेकिन कोई सुनना नहीं चाहता। ये तो मनमर्जी का बजट है, जिससे जनता का कोई भला नहीं होने वाला नहीं है। कुलदीप ने आरोप लगाया कि इस बजट से केवल सभापति और उनके परिवार तथा दो चार पार्षदों का कल्याण होना है। कुलदीप ने कहा कि महिला सभापति बनने से लोगों को उम्मीद जगी थी और दावे किए गए कि सुजानगढ़ को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा, लेकिन सुजानगढ़ भ्रष्टाचार सिटी बन गया, जिसमें विधायक सहित अन्य लोगों की भी मिलीभगत रही है। कुलदीप ने कहा कि चार साल बेईमानी के नाम पर रहे और खुद को मजबूत करने के लिए योजनाओं में भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा कि हम लोग 25 पार्षद एकजुट होंगे और लिखित में सारे सबूत पेश करते हुए जांच खुलवाएगे। उन्होंने कहा कि आयुक्त व नगरपरिषद सदन को अवगत करवाने के बाद भी ऑटो टीपर्स की लिस्ट को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है, क्योंकि इससे भ्रष्टाचार की पोल खुल जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑटो टीपर्स में नाम पर खुले रूप से भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा कि चार सालों में साधारण सभा की मीटिंग कर जनता की समस्याओं के समाधान के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई, जबकि हमारे पिछले कार्यकाल में हर तीन-चार महीने में साधारण सभा होती थी। उन्होंने कहा कि शहर में कमियों के निस्तारण के लिए कमेटियो की बैठक होती है, लेकिन इन्होंने कमेटियों का गठन तक नहीं किया। कुलदीप ने कहा कि पूर्व सभापति सिकंदर अली खिलजी के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए, जिनकी इस कार्यकाल में दुर्दशा की गई। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क है। कुलदीप ने बताया कि हमारे कार्यकाल में करीब 2 सौ किलोमीटर के स्वीच वायर खिंचवाए थे और 27-28 हाई मास्क लाईट्स लगाई गई और नए ऑटो टीपर्स खरीद किए गए। ऐसे जनहित के कोई काम इस कार्यकाल में नहीं हुए। कुलदीप ने कहा कि वर्तमान नगरपरिषद के चार साल का कार्यकाल भ्रष्टाचार के नाम रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए।



# नगरपालिका कार्यालय के आगे बने बरामदे को खुलवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के लोगो ने तहसीलदार को पत्र देकर नगरपालिका परिसर में बने बरामदे को खुलवाने की मांग को लेकर तहसीलदार को पत्र दिया।पत्र में उल्लेख किया कि नगरपालिका परिसर में दानदाताओं की ओर से नगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के कक्ष के आगे निर्मित बरामदे खुले रखे गए थे। परन्तु नगरपालिका में खुल्ले बरामदों के आगे एलुमिनियम की जाली लगाकर दिवारनुमा रूप से बन्द कर दिया गया है। जिससे नगरपालिका में आने वाले आमजन को सर्दी गर्मी व बरसात के मौसम में बैठने में परेशानी उठानी पड़ेगी। इस कार्य के लिए मीटिंग, प्रस्ताव व जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के बिना ही बरामदें बन्द करने से राजकोष के भी दुरूपयोग किया गया है। अधिशाषी अधिकारी से दूरभाष से वार्ता में कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं है। नगरपालिका के लेखाधिकारी जेकीराम से पूछा तो जानकारी मिली तो कहा कि अधिशाषी अधिकारी के देखरेख में यह सारे कार्य किए गए है और सारे कार्य का भुगतान भी कर दिया गया है। पत्र में आरोप भी लगाया कि बिना अध्यक्ष और पार्षद की बिना स्वीकृति के शनिवार रविवार को यह कार्य करवाना कतेई तोर सही नही है। प्रार्थना पत्र देकर उक्त प्रकरण में संज्ञान लेकर जालीनुमा दिवार हटवाया जाए और बिना आवश्यकता के जारी किए जा रहे हैं उन पर भी रोक लगाने के आदेश जारी करें ताकि राजकोष की होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। पत्र में भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन बोथरा, प्रतिपक्ष नेता दिनदयाल स्वामी, पार्षद जयचन्द महावर, पार्षद कपील पारीक, पत्रकार मदन दाधिच, पत्रकार शिव भगवान सोनी, रामोतार पाण्डे,जानकी प्रसाद,भवानी शंकर के हस्ताक्षर है।



# पानी की डिग्गी में डूबने से किसान की मौत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के भोजूसर उपाधियान गांव की रोही में मंगलवार सुबह पानी की डिग्गी में डूबने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हेड कॉन्स्टेबल विजेंद्रसिंह ने बताया कि भोजूसर उपाधियान निवासी रमेश कुमार मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि मैंने व मेरे भाई खिराजाराम ने हमारे गांव के रामरतन ब्राह्मण का खेत हिस्सेदारी में कास्त कर रखा है। खेत में पानी एकत्रित करने के लिए डिग्गी बना रखी है। जिसमें पानी भरा हुआ था। मंगलवार सुबह में और मेरा भाई खिराजाराम पानी की डिग्गी की तरफ पाइप संभालने गए तो अचानक मेरे भाई खिराजाराम का पैर फिसल गया जो डिग्गी में भरे गहरे पानी में डूब गया। मैंने शोर मचाया तो गांव के काफी लोग आ गए और गांव वालों की मदद से मेरे भाई को बाहर निकला तब तक मेरे भाई की मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के तारानगर रोड पर उड़सर गांव के पास सोमवार देर रात सड़क पर अचानक नीलगाय के आने से बाइक नीलगाय से टकरा गई। जिसके कारण बाइक चालक की मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने राजकीय उपजिला अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एसआई मंगूराम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ढाणी कालेरा निवासी लालचंद पुत्र मूलाराम जाट ने मामला दर्ज करवाया है कि मेरा बड़ा लड़का सुरेंद्र डीजे फ्लोर का काम करता है। जिसने सोमवार को गाजवास गांव में किसी पार्टी में डीजे फ्लोर लगा रखा था। डीजे की वायरिंग खराब होने के कारण मेरा छोटा पुत्र 22 वर्षीय सुखराम गाजवास गांव में वायरिंग देकर मोटरसाइकिल पर वापस ढाणी कालेरा गांव आ रहा था। सोमवार देर रात को उड़सर गांव के पास पहुंचा तो खेतों की तरफ से अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में सुखराम ने बाइक के ब्रेक लगाए तो बाइक अनियंत्रित हो गई और सुखराम सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने के कारण आई चोटों के कारण मेरे बेटे सुखराम की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौ दिवसीय कथा में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान में गुरु गोरखनाथ जी जाहरवीर जी गोगाजी गौशाला समिति मीतासर की ओर से चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा वाचक शंकर दास जी महाराज ने कहा कि मनुष्य का शरीर दुर्लभ है। साधन धाम मोक्ष चौरासी लाख योनियों के बाद भगवान की कृपा के बाद मनुष्य का शरीर मिला है और फिर सत्संग का भी मिलना तो और भी बड़ी बात है। मनुष्य जन्म पाकर परमात्मा से मिलने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि वाणी में संयम जरूरी है। उन्होंने कहा कि शरीर के दो अंग रस इंद्रिय और जन इंद्रिय पर काबू रखना होगा। जिस दिन दोनों इंद्रिय ढीली होगी तो समाज में अनाचार और अत्याचार बढ़ेगा। कथावाचक शंकरदास जी महाराज ने धनुष यज्ञ प्रसंग लक्ष्मण परशुराम संवाद तथा सीता स्वयंवर प्रसंग के माध्यम से जनमानस को सही जीवन जीने का विशेष सूत्र दिया। धनुष यज्ञ प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि धनुष कठोरता का प्रतीक है। कठोरता का मतलब अहंकार होता है। भगवान को अहंकार को तोड़ने में तनिक भी देरी नहीं होती। लेकिन फूल जैसी कोमल भावना को तोड़ने में भगवान को भी पसीना छूट जाता है। विश्वामित्र जी के साथ श्रीराम और लक्ष्मण जी जनकपुर धनुष यज्ञ में जाते हैं। इस पर महाराज ने कहा कि किसी भी यज्ञ को पूर्ण होने में सत्य और समर्पण की जरूरत है। राम यानी सत्य और लक्ष्मण यानी समर्पण, लक्ष्मण जी समर्पण और वैराग्य की प्रतिमूर्ति हैं। यह दोनों जिस यज्ञ में जाएंगे तो यज्ञ पूर्ण होगा। इसी क्रम में पुष्प वाटिका का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पुष्प बाग अर्थात संतों का समूह ही भाग है। जिनको भी संत या भगवंत का दर्शन हुआ है उनको बाग में जाना पड़ा है। बिना बाग में गए ना संत का दर्शन होगा और ना ही भगवंत का। आगे की चर्चा में शंकरदास जी महाराज ने कहा अंत में सीता स्वयंवर प्रसंग में जनकपुर अर्थात मिथिला नगरी का जीवंत दर्शन कराया। इस अवसर पर समाजसेवी दीपू जैसांसारिया ने गौशाला में सहयोग करने वाले हरियाणा फतेहाबाद के स्वामी सदानंद प्रणामी गौ सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट का आभार प्रकट किया और कथा आयोजकों की ओर से ट्रस्ट का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राकेश सैनी, किशनसिंह राजावत, राजूराम ईसवाल, हरलाल, भागसिंह, शक्ति सिंह, रणजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार टकराई, छह घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रयागराज में कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मंगलवार की अलसुबह शहर के हुडेरा फांटा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में कार में सवार तीन बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हायर सेंटर रैफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया गया है। हैड कांस्टेबल राजेंद्रसिंह ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ के वार्ड 12 निवासी 38 वर्षीय योगेश ठठेरा अपनी 32 वर्षीय पत्नी रिंकू अपने तीन बच्चे नव्या, नीलकमल व भावना के साथ प्रयागराज में कुंभ का स्नान कर सरदारशहर जा रहे थे। वे लोग सरदारशहर स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे कि रतनगढ़ में हुडेरा फांटा के पास सरदारशहर निवासी 40 वर्षीय चालक प्रकाश भोजक को नींद की झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने सीमेंटेड चैम्बर से टकरा गई। हादसे में दंपति व उनके तीन बच्चे तथा चालक घायल हो गया, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को रैफर कर दिया। घटना में मां रींकू व बेटी नव्या के गंभीर चोट आई है। वहीं हादसे के बाद कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से कहा। इस दौरान महर्षि ने कहा कि राज्य में डबल ईंजन की भाजपा सरकार है और प्रदेश मुखिया जनकल्याण से जुड़े सभी विषयों पर बेहद गंभीर है। विभागीय अधिकारी जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर त्वरित संज्ञान लेकर उसका धरातल पर समाधान करवाए। जनसुनवाई में प्रयोगशाला सहायक भर्ती 2018 में वंचित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलवाने, गांव छाबड़ी मिठी में बनी ढ़ाणी में बिजली कनेक्शन के लिए पोल स्वीकृत करवाने, शहर के वार्ड संख्या 30 सहित अन्य वार्डों में नाली निर्माण करवाने, आपणी योजना के नल से जल कनेक्शन, वोल्टेज बढ़ाने के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने, ट्यूबवेल में खराब मोटर बदलवाने सहित कई समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से कहा। इस अवसर पर शहर व देहात से आए लोगों सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक सीएस बैद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पूर्व विधायक डॉक्टर चंद्रशेखर बेद का तारानगर पहुंचने पर उनके समर्थकों ने कस्बे के सात्युँ सर्किल पर माला पहनाकर स्वागत किया। दोपहर बाद बेद ने अपने निज निवास पर जन सुनवाई की जिसमें आमजन की समस्याओं को सुना व समाधान के निर्देश दिए। इस मोके पर डूंगर लुहार, रामचंद्र आईतान, सलीम काजी, हरिराम शर्मा, शंकर अग्रवाल, नथमल कन्दोई, हेतराम बिजारणीय, श्रवण कुमार सैनी, अदरीश, महेंद्र भाटी, गुलाब सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## चूरू महोत्सवः विभिन्न प्रकार की 50 स्टॉल व 20 ठेले का स्थान होगा आवंटित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि 22 से 24 फरवरी 2025 तक चूरू के रिजर्व पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होने वाले चूरू महोत्सव समारेह में नगरपरिषद चूरू की ओर से विभिन्न प्रकार की 50 स्टॉल व 20 ठेले के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चूरू महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रातः कालीन सत्र 10.30 बजे से प्रतियोगिता/गायन/नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और सायंकालीन सत्र 6.15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चूरू महोत्सव में स्टॉल व ठेला लगाने के लिए इच्छुक व्यक्ति/संस्था 19 व 20 फरवरी को परिषद् कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# लोकरंग से भरपूर होगा चूरू महोत्सवः सोनी




## एडीएम अर्पिता सोनी ने मीडियाकर्मियों के साथ की बैठक

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एडीएम अर्पिता सोनी ने मंगलवार को डीओआईटी वीसी सभागार में मीडियाकर्मियों से रूबरू होकर चूरू महोत्सव-2025 के आयोजन के संबंध में चर्चा की और उनके सुझाव मांगे। इस अवसर पर एडीएम सोनी ने कहा कि चूरू महोत्सव लोकरंग से भरपूर होगा। चूरू महोत्सव आयोजन के दौरान की जाने वाली गतिविधियों में स्थानीय कलाकारों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसी के साथ आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोक रंग व लोक संस्कृति से भरपूर इस कार्यक्रम में सभी से सुझाव आमंत्रित कर उन पर काम करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह प्रयास है, कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में चूरू महोत्सव एक अनूठा आयोजन साबित हो। इस प्रकार का आयोजन होने से क्षेत्रीय विशेषताओं और लोकरंग को एक मंच मिलेगा और निर्धारित कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय कार्यक्रमों को भी संयोजित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। एडीएम ने तीन दिवसीय चूरू महोत्सव में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने होली धमाल, चंग, ढ़फ, गींदड़, कच्छी घोड़ी व लोक नृत्य, हास्य कलाकारों व लोक संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों के बारे में अपने सुझाव दिए, जिस पर एडीएम सोनी ने अधिकाधिक प्रयासों के साथ स्थानीय कलाओं को संयोजित करने की बात कही।

## ‘डिजिटल फॉरेस्ट हेल्थ मॉनिटरिंग' पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर (निस)**वन क्षेत्र की सतत निगरानी एवं वृक्षारोपण की प्रभावी मॉनिटरिंग को सुदृढ़ करने हेतु डिजी वन एप्लीकेशन के संचालन से जुड़ी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप एवं सेटश्योर एनालिटिक्स लिमिटेड के तकनीकी सहयोग से आयोजित हुआ। इसमें संभाग के विभिन्न वन मंडलों के उप वन संरक्षक एवं सहायक वन संरक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्घाटन संभागीय मुख्य वन संरक्षक हनुमाना राम द्वारा किया गया। उन्होंने इस अत्याधुनिक तकनीक के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल साधनों के माध्यम से वानिकी कार्यों की निगरानी अधिक वैज्ञानिक एवं प्रभावी होगी। इससे पौधारोपण गतिविधियों में पारदर्शिता एवं परिणामशीलता में वृद्धि होगी। हनुमाना राम ने बताया कि इस एप्लीकेशन के माध्यम से पौधारोपण स्थलों का चयन, उपयुक्त प्रजातियों का निर्धारण तथा जल एवं पोषक तत्वों की आवश्यकताओं का वैज्ञानिक आकलन संभव होगा। साथ ही, यह वन क्षेत्र की छत्रछाया (कैनोपी) संरचना एवं वन स्वास्थ्य के मूल्यांकन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डिजी वन एप्लीकेशन को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य सेटेलाइट इमेजरी एवं डिजिटल डेटा लेयर्स के माध्यम से पौधारोपण एवं वन स्वास्थ्य की निगरानी करना है। कार्यशाला में बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के विशेषज्ञ मेहुल लाल एवं सेटश्योर एनालिटिक्स लिमिटेड के विशेषज्ञ अमन माथुर ने अधिकारियों को एप्लीकेशन की उपयोगिता, संचालन एवं वास्तविक क्षेत्र में इसके प्रयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू जिलों के वन एवं वन्यजीव प्रभागों के उप वन संरक्षक एवं सहायक वन संरक्षक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान हैंड्स-ऑन अभ्यास के माध्यम से अधिकारियों को एप्लीकेशन के व्यावहारिक उपयोग एवं संचालन की जानकारी दी गई। ताकि वे इसे अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

# बालश्रम के दुष्प्रभाव की दी परिजनों को जानकारी




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की ओर से संचालित परियोजना एक्सिस जस्टिस फॉर चिल्ड्रन फ़ेस-थ्री के जिला समन्वयक रुकैया पठान के नेतृत्व में खारीया गांव में संचालित मनरेगा श्रमिकों को के साथ बालश्रम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीम की ज्योति बागड़ी, रिज़वान ख़ान ने श्रमिकों को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति अधिक से अधिक बढ़ावा देने और विद्यालयों से जोड़ने बाबत जागरूक किया। साथ ही पारिवारिक आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण कम उम्र में बच्चों को मज़दूरी पर भेजकर उनका बचपन ख़राब न करें। साथ ही इस कुरीति को मिटाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रमिक केसरी, भगवानी, सुनीता देवी, अनीता देवी, रामसिंह, भगवान सिंह,महेश उपस्थित रहे।

# सड़कों पर गेनाणी का पानी भरने की समस्याः एसडीएम ने किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में गेनाणी का पम्पसेट बार बार खराब होने से कस्बे में मुख्य सड़को पर गन्दा पानी भरने की समस्या को लेकर उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने मंगलवार को कस्बे की गेनाणी पर पहुंच कर गेनाणी का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन कर उपखण्ड अधिकारी ने मीडिया से वार्ता की पानी निकासी के लिए उनके पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। गेनाणी की पानी सोखने की क्षमता भी समाप्त हो गई। जिस के कारण बार बार ये समस्या हुई। जिसको लेकर नगरपालिका के अधिकारी से वार्ता कर इस व्यवस्था को लेकर एक ओर वैकल्पिक व्यवस्था के लिए आदेशित किया है। शीघ्र ही कुछ देर में पानी निकासी हो जाएगी। स्थाई समाधान के लिए गेनाणी की सफाई करवाने और पम्पसेट तैयार करवाने के लिए अधिशाषी अधिकारी से वार्ता कर निविदा करवाकर स्थाई समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# डीईईओ बनने पर किशनलाल गहनोलिया का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रेसा पी संगठन की और से किशनलाल गहनोलिया का जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति पर साफा, शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया। रेसा पी जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड़, मंत्री हरिप्रसाद टाक कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गहलोत के नेतृत्व में किशनलाल गहनोलिया का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार खीचड़ जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने पर किशनलाल गहनोलिया को रेसा पी जिला शाखा चूरू की ओर से बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर लियाकत अली, विजय कुमार धुंधवाल, जगदीश खेड़ीवाल, जगदीश प्रजापत, लालचंद, नंदलाल, रमेश, प्रेम सिंह इंदा, राजेंद्र पूनिया उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय झींगा पालन बीमा एनएफडीपी रजिस्ट्रेशन शिविर




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में मंगलवार को किसानों की आय के स्त्रोत बढ़ाने के उद्देश्य से पीएमएमकेएसएसवाई के अन्तर्गत मत्स्य विभाग व सीएससी के सौजन्य से झींगा पालन का फसल बीमा, एनएफडीपी पोर्टल पर झींगा पालकों का रजिस्ट्रेशन, के.सी.सी. व अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि झींगा फसल बीमा के लिए एनएफडीपी पोर्टल पर झींगा पालकों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुदान के लिए 37 आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि कुछ लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है। पीएमकेएसवाई में आवेदन के लिए एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पीएमकेएसवाई पोर्टल पर किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त झींगा मत्स्य पालन पर केसीसी भी दी जा रही है। शिविर में चूरू व हनुमानगढ के लाभार्थियों ने भाग लिया। शिविर में वी.सी. के माध्यम से नाबार्ड व मत्स्य विभाग, नई दिल्ली के विशेषज्ञों की ओर से बीमा व रजिस्ट्रेशन संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# राष्ट्रीय ऋण योजना के पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 24 व 25 को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की ओर से राष्ट्रीय ऋण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निधारित लक्ष्यों के विरूद्व अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांगजन वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग के प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से पात्र आवेदकों का 24 व 25 फरवरी को सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित निगम कार्यालय में सवेरे 11 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अनुजा निगम परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र सिंह ने बताया कि संबधित आशार्थी साक्षात्कार में अपने साथ ऑनलाइन किए गए आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट, जाति प्रमाण पत्र, जनाधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अगर लागू हो) व बैंक पासबुक प्रति साथ लेकर उपस्थित हां। साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने वाले आशार्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।